

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 143 | ग्वालियर रविवार, 12 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के नियमों में बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने धन शोधक निवारण अधिनियम में बड़ा बदलाव किया है. इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय की जांच का दायरा बढ़ा दिया है. अब इसके दायरे में जज और सैन्य अधिकारी भी आएंगे. इसके साथ ही एक नई श्रेणी पॉलिटिकली एक्सपोज्ड पर्सन बनाई गई है. नए बदलाव में गैर सरकारी संगठनों पर भी अधिक शिकंजा कसेगा

पीएमएलए अनुपालन के नियमों में नया खंड ÷राजनीतिक रूप से उजागर व्यक्ति या पीईपी, ऐसे व्यक्तियों को कहा गया है, जो किसी बाहरी देश में काम करने वाले व्यक्तियों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों या वरिष्ठ अधिकारियों को कवर करते हैं. नए नियमों के अनुसार अब विदेशों में काम करने




वाले जजों, सीनियर ब्यूरोक्रेट और सैन्य अधिकारियों की भी जांच कर सकती है. नए नियमों के तहत बैंकों के लिए भी निर्देश तय किए गए हैं. अब बैंकों को गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) या गैर लाभकारी संगठनों की वित्तीय लेनदेन की जानकारी 5 साल तक रखनी होगी. इस लेन-देन की प्रकृति के बारे में बैंकों को जानकारी देनी होगी और बैंक उसे अपने पास रखेंगे. नए निमयों में यह जानकारी साझा करने के बारे में भी बताया गया है. यही नहीं, वित्तीय संस्थाओं को अब पीईपी के लिए केवाईसी के अलावा अतिरिक्त जांच करनी होगी. यह संशोधन ऐसे समय में आया है जब भारत का प्रस्तावित फाइनेंशिएल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) मूल्यांकन इसी साल के आखिर में किया जाना है. इससे पहले, एफएटीएफ ने जून 2010 में भारत के लिए एक मूल्यांकन किया था. एफएटीएफ, जो दुनिया में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादियों को मिलने वाली फंडिंग पर नजर रखती है, की 40 सिफारिशें हैं. इसकी सिफारिशों में यह कहा गया है कि यह निर्धारित करने के लिए उपयुक्त रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम होना चाहिए जिससे पता चल सके कि ग्राहक या लाभार्थी एक घरेलू पीईपी है या किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था ने उसे जरूरी काम सौंपा है.

## एक नजर

### लालू परिवार पर रेड को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तोड़ी चुप्पी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को लालू प्रसाद यादव के परिवार और आरजेडी नेताओं पर हुई रेड को लेकर पहली प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि रेड आज से हो रही, ये तो पांच साल से चल ही रही है. हम लोग (महागठबंधन) सरकार बनाते हैं कि रेड शुरू हो जाती है. अब क्या मामला है, इसमें क्या कहा जाए। जिनके यहां पर रेड हुई उन्होंने तो बताया ही है कि क्या है. तेजस्वी यादव पर समन को लेकर कहा कि जिसके साथ हुआ है वो तो जवाब दे ही रहें, हम क्या बोलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से लेकर अब तक कहीं पर कुछ होता है उस पर हम कुछ नहीं बोलते हैं. साल 2017 में हुआ था तो भी हम कुछ नहीं बोले. उस वक्त इन कारणों से आरजेडी और जेडीयू अलग हो गई थी. अब पांच साल बाद फिर से रेड हो रही क्योंकि हम लोग साथ आए हैं. इसमें क्या ही कहेंगे. कितने साल से रेड चल रही. नीतीश कुमार ने कहा कि साल 2017 में वहां बात हुई तो वहां के लोगों की बात मान ली और हम उनके (बीजेपी) के साथ चले गए उनके साथ. फिर इधर आए हैं तो ये सब शुरू हो गया है. अब क्या कहा जाए इसमें, जो भी मामला है. समझ में नहीं आ रहा है. इसके अलावा भी नीतीश कुमार ने कई मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी. शुक्रवार को लालू परिवार पर रेड को लेकर उन्होंने कोई बयान नहीं दिया था. चुप्पी साधकर निकल गए थे. शनिवार को उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि जब भी बिहार में महागठबंधन सरकार बनती है, ये सब होने लगता है. बता दें कि शुक्रवार को लालू यादव के परिवार के सदस्य और आरजेडी नेताओं के यहां सुबह से लेकर शाम और देर रात तक रेड हुई. शनिवार को तेजस्वी यादव को सीबीआई द्वारा समन जारी किया गया है.

### नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शर्मनाक हरकत



**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट मैच के बीच से एक बेहद ही शर्मनाक हरकत का वीडियो सामने आया है. यहां मौजूद कुछ दर्शक भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम लेकर जय श्रीराम का नारा लगाते हुए सुनाई दिए हैं. यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और इस पर जमकर बहस भी छिड़ गई है. यह घटना अहमदाबाद टेस्ट के शुरू होने के ठीक पहले की बताई जा रही है. वीडियो में भारतीय खिलाड़ी बाउंड्री के पास खड़े नजर आ रहे हैं. इस दौरान स्टेडियम में मौजूद कुछ दर्शक सूर्यकुमार यादव का नाम पुकारते हैं, इसके बाद जैसे ही इन्हें मोहम्मद शमी नजर आते हैं तो यह लोग जय श्री राम के नारे लगाने शुरू कर देते हैं. यहां एक दर्शक तो शमी को जय श्री राम कहते हुए भी सुनाई देता है. इस वीडियो के सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद खूब रिएक्शन आ रहे हैं. कुछ क्रिकेट फैंस इसे गलत बता रहे हैं और गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से इस मामले में एक्शन लेने की गुजारिश कर रहे हैं. मोहम्मद शमी के साथ ऐसा पहली बार नहीं हुआ है. इससे पहले जब भारतीय टीम टी20 वल कप 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ एकतरफा अंदाज में 10 विकेट से हारी थी, तब सोशल मीडिया पर एक धर्म विशेष के यूजर्स ने शमी को इस हार का दोषी माना था. पाकिस्तान से हारने का पूरा ठीकरा शमी पर फोड़ा गया था. इसके बाद सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण जैसे दिग्गज शमी के सपोर्ट में उतरे थे.

### सावधान! इस राज्य में लोगों के फेफड़ों के लिए ही खतरा बन गए कबूतर

**नई दिल्ली।** पक्षियों को दाना खिलाना एक धर्म के रूप में देखा जाता है. आमतौर पर मान्यता है कि बेजुबानों को दाना, पानी खिलाना चाहिए. लेकिन इन दिनों पक्षियों से ही गंभीर बीमारी लोगों में देखने को मिल रही है. विशेषज्ञों का कहना है कि कबूतरों को दाना चुगाना सेहत के लिए भारी पड़ सकता है. इसको लेकर खासी तौर पर अहतियात बरते जाने की जरूरत है. इनके संपर्क में आने से लंग्स की गंभीर बीमारी हो सकती है. किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए. दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग कबूतर व अन्य पक्षियों को दाना खिलाते हैं. कई चौराहों पर दाना बेचने वाले भी देखे जा सकते हैं. लोग वहीं से दाना खरीदते हैं और कबूतर या अन्य मौजूद पक्षियों को दाना खिलाते हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में पक्षियों से होने वाले संक्रमण का खतरा बढ़ गया है. कबूतर व अन्य पक्षियों से होने वाले संक्रमण को पीजियन ब्रीडर डिसीज कहा जाता है. यह पफेपफड़ों में होने वाला एक गंभीर तरह का संक्रमण है. इसे बर्ड फैन्सियर रोग, पफार्मर्स लंग्स के नाम से भी जाना जाता है.



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हाल ही में पंजाब की यात्रा से वापस लौटी हैं. उन्होंने

# पीएम मोदी के साथ-साथ कई और नेताओं से भी मुलाकात की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार (11 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले. दोनों शीर्ष नेताओं के बीच राष्ट्रपति भवन में मुलाकात हुई. राष्ट्रपति ने त्रिपुरा



के मुख्यमंत्री माणिक साहा, लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर डॉ. बी.डी. मिश्रा और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से भी मुलाकात की है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को पंजाब भी गई थीं. वहां उन्होंने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और देश की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की थी. राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे. राष्ट्रपति ने जलियांवाला बाग, दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि राम तीर्थ स्थल का भी दौरा किया था. राष्ट्रपति बनने के बाद अमृतसर की उनकी यह पहली यात्रा थी. मत्था टेकने के बाद वह लंगर हॉल में गई और वहां उस हिस्से को देखने पहुंचीं जहां बर्तन धोए जाते हैं. वहीं पीएम मोदी ने शनिवार को बजट के बाद प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना पर आयोजित एक वेबिनार को भी संबोधित किया. उन्होंने कहा कि कुशल शिल्पकार आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना के प्रतीक हैं. छोटे कारीगर स्थानीय शिल्प के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम-विश्वकर्मा योजना का ध्यान ऐसे ही एक बहुत बड़े और बिखरे हुए समुदाय की तरफ है. हमारा उद्देश्य आज के कारीगरों को कल का बड़ा उद्यमी बनाना है.

## अब गौशाला अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा!

**नई दिल्ली।** नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया ने गौशालाओं की आर्थिक हालातों में सुधार को ध्यान में रखते हुए टास्क फोर्स की रिपोर्ट जारी की है. इसमें ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया है. नीति आयोग की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नीलम पटेल ने कहा कि गाय के गोबर और गोमूत्र का इस्तेमाल सर्कुलर इकोनॉमी का एक आदर्श उदाहरण है जो वेस्ट टू वेल्थ के आइडिया को बढ़ावा देता है. डॉ. पटेल ने गौशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, आवारा मवेशियों की समस्या का समाधान करने और कृषि में गाय के गोबर और गोमूत्र के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि मवेशी भारत में पारंपरिक कृषि प्रणाली का एक अभिन्न अंग रहे हैं. गौशालाएं प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने में बहुत मदद कर सकती हैं. मवेशियों के वेस्ट (गोबर) एग्रोकेमिकल्स को कम कर सकते हैं. पटेल ने कहा कि इसके अलावा यह आर्थिक, स्वास्थ्य, पर्यावरण और स्थिरता कारणों से पौधों के पोषक तत्वों और पौधों की सुरक्षा के रूप में भी काम कर सकते हैं. उन्होंने इस दौरान टास्क फोर्स के सदस्यों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और गौशालाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रिपोर्ट जारी की. नीति आयोग के बाकी सदस्यों ने इस बात पर जोर डाला कि दक्षिण एशियाई कृषि की अनूठी ताकत फसलों के साथ पशुधन का एकीकरण है. वहीं, डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय सोलन के कुलपति डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने हिमाचल प्रदेश के अनुभवों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टास्क फोर्स की रिपोर्ट जैविक और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के साथ वेस्ट से पैसा कमाने की पहल को मजबूत करेंगे.

## एच3एन2 हुआ जानलेवा अब तक दो की मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के बाद एच3एन2 इन्फ्लूएंजा का खतरा बढ़ता जा रहा है. अब यह फ्लू जानलेवा हो चुका है. इस इन्फ्लूएंजा की वजह से हरियाणा और कर्नाटक में एक-एक मरीज की मौत हो चुकी है. इसके बाद केंद्र सरकार सतर्क हो चुकी है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने राज्यों को बढ़ते संक्रमण को लेकर सतर्कता और लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही सभी तरह की मदद का आश्वासन भी दिया है. वहीं नीति आयोग ने शनिवार (11 मार्च) को मंत्रालयों की बैठक बुलाई है. इसमें राज्यों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दिसंबर से मौसमी इन्फ्लूएंजा के मरीज आ रहे हैं. एच3एन2 संक्रमण का प्रसार भी बढ़ता दिखाई दिया है. मंत्रालय ने उम्मीद जताई कि मार्च के अंत तक संक्रमण के प्रसार में कमी आ सकती है. एच3एन2 वायरस या इन्फ्लूएंजा वायरस जो आम तौर पर सूअरों में फैलते हैं, जब लोगों में पाए जाते हैं, तो उन्हें ÷वैरिएंट÷ वायरस कहा जाता है. इस वायरस की पहली बार 2010 में अमेरिकी सूअरों में पहचान की गई थी. 2011 के दौरान एच3एन2 के साथ 12 लोगों में इस संक्रमण का पता चला. इसके बाद 2012 के दौरान एच3एन2 के 309 मामले सामने आए थे. मेदांता के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने इस वायरस को ज्यादा खतरनाक नहीं बताया है. उन्होंने कहा, यह ऐसा वायरस है जो समय के साथ बदलता रहता है. इसे एंटीजेनिक ड्रिफ्ट कहा जाता है. उन्होंने कहा, कुछ साल पहले वायरस का प्रभाव था. उसी का वर्तमान सर्कुलेटिंग स्ट्रेन एच3एन2 है, इसलिए यह एक सामान्य इन्फ्लुएंजा स्ट्रेन है. यह बूंदों के माध्यम से समान ही फैलता है. उन्होंने कहा, इससे केवल उन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है, जिन्हें गंभीर बीमारियां हैं. जानकारी के मुताबिक, मौसमी इन्फ्लूएंजा की चपेट में आने पर बुखार, खांसी, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, थकावट, गले में खराश और नाक बहने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं. संक्रमण की चपेट में आने से ज्यादातर लोगों का फीवर एक हफ्ते में ही ठीक हो जाता है, लेकिन खांसी को ठीक होने में दो या उससे ज्यादा हफ्ते का वक्त भी लग सकता है. एच3एन2 से बचने के लिए डॉक्टरों ने नियमित रूप से हाथ धोने और मास्क लगाने सहित कोविड जैसी सावधानियां बरतने की सलाह दी है. इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने छींकने और खांसने के दौरान मुंह और नाक को ढकने, आंखों और नाक को छूने से बचने और बुखार और शरीर में दर्द के लिए पैरासिटामोल लेने को कहा है. इसके साथ ही भीड़-भाड़ वाले इलाकों से परहेज करने, मास्क लगाने, खांसते और छींकते वक्त मुंह और नाक रुमाल से ढक कर रखने की भी सलाह दी गई है. पब्लिक प्लेस पर न थूकने के साथ ही हाथ मिलाने या किसी भी तरह के शारीरिक संपर्क से बचने को कहा गया है.

आप नेता संजय सिंह बोले-

# सारे नेताओं का एनकाउंटर करवा दिया जाए तो पीएम मोदी सुकून से 8 घंटे सो पाएंगे

**नई दिल्ली।** आए दिन विपक्षी दल केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगा रहे हैं. दिल्ली की आबकारी नीति को लेकर तिहाड़ जेल में बंद किए गए मनीष सिसोदिया को लेकर आम आदमी पार्टी भी मोदी सरकार पर निशाना साध रही है. इसी बीच शनिवार (11 मार्च) को आप नेता संजय सिंह ने कहा कि विपक्ष को मार दिया जाएगा तो मोदी चैन से रह पाएंगे.

आप सांसद संजय सिंह ने ट्वीट किया, वैसे मेरा एक सुझाव था. अगर विपक्ष के सारे नेताओं का एनकाउंटर करवा दिया जाए तो कम से कम पीएम मोदी सुकून से 8 घंटे सो पाएंगे. न विपक्ष रहेगा न लोकतंत्र. बचेगी तो सिर्फ तानाशाही. दरअसल सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति (जिसे अब वापस ले लिया गया है) में कथित गड़बड़ी के मामले में गिरफ्तार किया था. इसके बाद ईडी ने इसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जांच कर



रही है. इसको लेकर सिसोदिया से हईडी ने तिहाड़ जेल में पूछताछ कर उन्हें ईडी गिरफ्तार किया था. कोर्ट ने आप नेता सिसोदिया को 17 मार्च तक ईडी रिमांड पर भेज दिया है. हाल ही में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल की आप, शरद पवार की पार्टी एनसीपी और ममता बनर्जी सहित आठ राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त पत्र लिखा था. इसमें कहा था कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रहे हैं. दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएण सिसोदिया ने ट्वीट किया, ''साहेब, जेल में डालकर मुझे कष्ट पहुंचा सकते हो, लेकिन मेरे हौसले नहीं तोड़ सकते. अंग्रेजों ने भी स्वतंत्रता सेनानियों को कष्ट दिए थे, मगर उनके हौसले नहीं टूटे. - जेल से मनीष सिसोदिया का संदेश. ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने कोर्ट के सामने शुक्रवार (11 मार्च) को दावा किया कि सिसोदिया ने अपने फोन को नष्ट कर दिया, जो जांच में एक महत्वपूर्ण सबूत है. ईडी ने आरोप लगाया है कि सिसोदिया ने 290 करोड़ रुपये से अधिक की राशि 'रिश्वत और अपराध से अर्जित' करने के वास्ते दोषपूर्ण आबकारी नीति तैयार करने के लिए अन्य लोगों के साथ मिलकर ''साजिश'' रची. सिसोदिया की हिरासत के लिए ईडी की याचिका का विरोध करते हुए उनके वकीलों ने कहा कि नीति बनाना कार्यपालिका का काम है, जिसे कई चरणों से गुजरना पड़ता है. ईडी को सिसोदिया के खिलाफ कोई सबुत नहीं मिले.

# सारे भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे हैं बारी बारी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ दिनों से केंद्रीय एजेंसियों का शिकंजा विपक्षी नेताओं पर कसता जा रहा है. इस मुद्दे पर विपक्ष लामबंद होकर मोदी सरकार को घेरने में लगा है. विपक्ष का कहना है कि सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है. अब इसी मुद्दे पर बीजेपी ने पलटवार किया है. बीजेपी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके विपक्ष के उन सभी दलों को फटकार लगाई, जिनके नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामलों में पूछताछ हो रही है. बीजेपी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, जितने क्षेत्रीय दल भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और उन पर जांच एजेंसियां जब कार्रवाई कर रही हैं, तो वो कभी विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं, कभी इमोशनल कार्ड खेल रहे हैं. लेकिन जनता के सवालों का उत्तर नहीं दे रहे हैं. उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, सारे भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे हैं बारी-बारी.÷ उन्होंने कहा, के कविता जी, आपको यह जनता को बताना ही होगा कि आपका इंडो स्पिरिट्स से कोई लेना-देना है या नहीं। आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए गौरव भाटिया ने कहा, पिछले दो-तीन दिन में कट्टर बेईमान पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई न्यायालय से राहत नहीं मिली और ईडी की कस्टडी में भेज दिया




गया. उन्होंने आगे कहा, कोर्ट ने कहा कि कस्टोडियल इंटेरोगेशन ऑफ मनीष सिसोदिया इज मस्ट. ये राजनीतिक द्वेष नहीं है. जो शराब घोटाला उन्होंने किया है उसकी जड़ तक जाने के लिए कस्टोडियल इंटेरोगेशन जरूरी है. केजरीवाल की पार्टी पर हमला करते हुए बीजेपी नेता ने कहा, कट्टर ईमानदार पूर्व मुख्यमंत्री से जो सवाल पूछे जा रहे हैं, उनका उत्तर देते, छिपाते नहीं. लेकिन न्यायालय ने कहा कि किसी भी प्रश्न का उत्तर मनीष सिसोदिया नहीं दे रहे हैं और जांच एजेंसियों का साथ नहीं दे रहे हैं. सात दिन की इनको ईडी रिमांड पर भेज दिया गया है.

**लालू परिवार पर भी हमला किया**-बिहार में लालू परिवार पर हो रही कार्रवाई पर भी बीजेपी प्रवक्ता ने हमला किया. गौरव भाटिया ने कहा, हमने देखा किस तरह से बिहार में भी जंगलराज और भ्रष्टाचार का पर्याय बनी आरजेडी, जिन्होंने जानवरों का चारा भी नहीं छोड़ा. ये भी भ्रष्टाचार में पूरी तरह से लिप्त हैं. इनका शीर्षक है अपनी जमीन दो नौकरी लो. लालू परिवार पर हो रही कार्रवाई में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए बीजेपी नेता ने कहा, ÷नीतीश कुमार जी को पलटू राम जनता इसीलिए कहती है... नीतीश जी, क्या आपने मांग नहीं की थी कि लालू यादव जी, राबड़ी जी और तेजस्वी जी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और इन पर कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन आज जब यह कार्रवाई हो रही है तो आप तथ्यों पर बात क्यों नहीं कर रहे. उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस समय-समय पर घोटालों की एक श्रृंखला में लगी हुई थी; यह 2जी घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला और न जाने क्या-क्या अपराधी था! वह घोर भ्रष्टाचार का समय था. लेकिन अब लोग जागरूक हो गए हैं और वे चाहते हैं कि हर भ्रष्ट तत्व को सबक सिखाया जाए. आज जनता की उम्मीद यह है कि कोई भी भ्रष्टाचारी हो, उसको यह अहसास हो कि कानून का डंडा कितना मजबूत है. जब भ्रष्टाचारी पकड़े जाते हैं तो यह कभी भी उस मुद्दे पर बात नहीं करते हैं. अंदर से ये भी जानते हैं कि इन्होंने भ्रष्टाचार किया है.



# झोपड़ी में भड़की आग दो मासूम बच्चों की मौत

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले के नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया जहां एक झोपड़ी में सो रहे दो मासूम बच्चों की आग से जलकर मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया हैं कि यह आग चूल्हे से भड़की और जिसमें झोपड़ी जलकर खाक हो गई घटना की जानकारी लगते ही एसपी राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे मृत मासूम बच्चों की उम्र 3 वर्ष एवं दो माह बताई जा रही है तो वही घटना के बाद परिजनों का कहना है कि जिस वक्त आग लगी उस समय वह दूसरे खेत में काम कर रहे थे एवं मासूम बच्चों की मां पानी भरने के लिए गई थी फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतर्गत ग्राम धोलागढ़ में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न


**पत्रकार अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

*शिवपुरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में 11 मार्च 2023 को ग्राम पंचायत धोलागढ़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनीता गोरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवपुरी ने की। इस अवसर पर सुनीता कोरी ने उपस्थित महिलाओं को महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ महिलाओं की गरिमापूर्ण जीवन जीने में सहायक कानूनों व उनमें उपबंध विशेष प्रावधानों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान आदि की जानकारी देते हुए बताया कि अगर किसी महिला के साथ कोई अपराध होता है या महिला को उसके पति द्वारा मानसिक शारीरिक या आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कानूनी सहायता निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार चढ़ार ने मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 अनुसूचित जाति जनजाति के अधिकारों नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना एसिड हमले से पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना निशुल्क विधिक सहायता मध्यस्थता योजना आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत धौलागढ़ के सरपंच दिलीप तिवारी, पंचायत सचिव लाखन सिंह यादव, सहायक सचिव दीपक तिवारी, पटवारी कामिनी गुप्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित महिलाएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।*




# नगर पालिका शिवपुरी कर रही आस्थाई दुकान के नाम पर स्थाई दुकानों से अवैध वसूली

## नगर पालिका अध्यक्ष व सीएमओ को नहीं है इस बात की जानकारी







**पत्रकार अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** शिवपुरी नगर पालिका भ्रष्टाचार जोरों पर दिखाई दे रहा है जहां पर अभी तक अस्थाई दुकानों की 10 की पर्ची ठेकेदार द्वारा काटी जाती थी वही आज की डेट में स्थाई दुकानदारों की अस्थाई पर्ची भी ठेकेदार द्वारा काटी जा रही है जिस पर पर्ची काटने आने वाले व्यक्ति का कहना है की ठेका पुराने गुंडों का है पैसे तो देने ही पड़ेंगे नहीं तो तुम्हारी दुकान बंद करवा देंगे इसमें नगरपालिका सिपरी की अध्यक्ष गायत्री शर्मा से बात करने पर उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी में नहीं है और वही नगर पालिका सीएमओ से बात करने पर नगर पालिका सीएमओ का कहना है कि इस तरह की अवैध वसूली हम शहर में नहीं होने देंगे और यदि कोई व्यक्ति नगरपालिका के नाम पर ऐसी अवैध वसूली करता है तो जिन लोगों की पर्ची है यह ठेकेदार काट रहे हैं वह हमें नगरपालिका में आकर आवेदन दें जिस पर हम उन पर कार्रवाई करें नगर पालिका शिवपुरी में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है की छोटे छोटे से काम के लिए भी पैसे देने पढ़ते हैं और पैसे लेने के बाद भी नगर पालिका के कर्मचारी ऐसे कार्य करते हैं जैसे यह आम जनता पर एहसान कर रहे हो इस भ्रष्टाचार को समाप्त करने की कोशिश करने के लिए यह पूरी जानकारी शिवपुरी विधायक और कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया को भी अवगत कराया जाएगा।



# हिंदू जागरण मंच ने यूपी एसआई बनने वाली विशाखा गर्ग का किया सम्मान

आज नगर परिषद मोहना में उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर सिलेक्शन होने पर कुमारी विशाखा गर्ग पुत्री अनिल अग्रवाल बिंदु अग्रवाल के निज निवास पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ताओं ने भारत माता स्मृति चिन्ह देकर कर पुष्प मालाओं से सम्मानित किया जिसमें मुख्य रुप से खंड कारवां अशोक रावत कार्यकारिणी सदस्य हिंदू जागरण मंच ग्वालियर परमानंद मिश्रा मोहना थाना इकाई सदस्य कमल सिंह भदोरिया रामनिवास धाकड़ मुकेश जोशी सोनू सोनी आसाराम सेन अनिल पचौरी आदि स्वयंसेवक कार्यकर्ताओं ने बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं नगर परिषद मोहना का नाम रोशन करने वाली बिटिया को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पनिहार टोल पर राष्ट्रीय हॉकी बोर्ड उपाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर का हुआ सम्मान



आदरणीय देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामु भैया) राष्ट्रीय भारतीय हॉकी बोर्ड के उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश और ग्वालियर चंबल संभाग की शान का आज पनिहार टोल प्लाड़ा पर तलवार भेंट कर और फूल माला पहनाकर कर भव्य स्वागत किया। इस बीच इस कार्यक्रम के आयोजक अनुराग भदौरिया,संदीप सिंह अस्सिटेंट टोल मैनेजर, गोपाल तोमर, राजेश जादौन, शिवम सिंह, दीपक पंडित, आनन्द शर्मा, सुधीर तोमर अनेकित कौरव समस्थ टोल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया की लापरवाही गलियां पानी से लबालब भरी हुई

**जगदीश पाल रिपोर्टर**
**खनियाधाना**

**पिछोर।** नगर परिषद काफी गंभीर हालातों से गुजरता हुआ हनुमान बाग नई बस्ती वार्ड 5 में गलियों में पानी भरा हुआ एवं नाली कचरा से भरी हुई है कई महीने बीत चुके हैं लेकिन नगर के हालात आज ही वैसे के वैसे पड़े हुए हैं नालियां कचरे से भरी हुई है जिससे लगातार बीमारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है नगर की स्थिति दिन प्रति दिन खराब होती जा रही है लेकिन नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया का नगर पर कोई ध्यान नहीं है हर गली मोहल्ले में नालियां चकाचौंध भरी हुई है गंदगी के कारण नगरवासी बीमारी का शिकार हो रहे हैं वार्ड 5 हनुमान बाग नई बस्ती के लोग घरों में कैद हैं क्योंकि गलियों में सराबोर पानी भरा हुआ है पानी की निकासी ना होने के कारण नगर वासियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है छोटे-छोटे बच्चे विद्यालय जाते हैं उनके लिए भी दिन प्रतिदिन बीमारी का खतरा बढ़ता जा रहा है क्योंकि सी गली से कुछ विद्यार्थी बच्चे निकलते हैं लेकर नगर पालिका सीएमओ की लापरवाही एक मिसाल बन चुकी है संबंधित अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।



# शिवपुरी नगरपालिका चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट अध्यक्ष के नाम पर चल रही अवैध वसूली

**पत्रकार अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**




शिवपुरी-शहर वासियों मे रोस बोले पहले कभी नही होता था ऐसा माहौल नगरपालिका में चल रहा गुंडा राज आपको बता दे की शहर वसूली का ठेका नगर पालिका द्वारा हुआ है परंतु नियम को दरकिनार कर ठेकेदार और उसके व्यक्ति जनता से जबरन अवैध वसूली कर रहे हैं साथ ही दिए गए नगरपालिका के निर्देशों का उल्लंघन कर रहे हैं एक ऐसा ही मामला शहर के नवाब साहब रोड में देखने को मिला जिधर घर में खुली दुकानों से भी अवैध वसूली नगरपालिका ठेकेदारों के आदमी द्वारा की जा रही है तो वही फाड़ संचालकों का भी कहना है कि हम मंडी पर गाड़ी का पैसा तो चुकाते ही हैं परंतु जब माल ट्रैक्टर से किसी के घर पहुंच आते हैं तो भी नगरपालिका के ठेकेदार के आदमी गाली गलौज कर हम से अधिक पैसा लेते है जो नियम विरुद्ध है। वही जब हमने नगर पालिका सीएमओ से फोन पर चर्चा की तो उन्होंने बताया कि अगर ऐसा कोई मामला होता है और हमारे पास लिखीत में शिकायत आती है तो हम संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करेंगे । इस पूरे मामले को लेकर शहर कांग्रेस प्रवक्ता बीजेपी सरकार और नगरपालिका ठेकेदारों पर हमलावर हैं शहर कांग्रेस प्रवक्ता आदर्श सिंह परिहार ने कहां है कि ये तो जनता को समझना चाहिए कि बीजेपी की सत्ता होने पर किस तरह से जनता को लूटा जा रहा है ।

# अम्बाह न्यायालय के प्रथम ए.एस.जे. श्री पंकज कुमार जैन ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**पुष्पॉजली ब्यूरौ मुरैना**

**अम्बाह।** आज दिनांक 11.03.2023 को प्रथम एएसजे पंकज कुमार जैन ने आरोपी राधेश्याम तोमर उर्फ रवि तोमर पुत्र सोवरन सिंह तोमर निवासी लेपा थाना सिहोनिया के आरोपी को अपराध कं. 93 / 11 अपराध धारा 494, 302, 201 के आरोप में आरोपी को 7000/- रूपये के अर्थदण्ड एवं आजीवन कारावास की सजा दी गई है। उक्त अपराध का आरोपी राधेश्याम ने आसाम में एस.एस.बी. 37 बी.एन. में नौकरी करता था वहीं उसने मृतिका संगीता व उसकी मां की सहमति से संगीता से शादी कर ली थी शादी के एक माह बाद तक संगीता को किराये के मकान में अपने साथ एक माह तक रखा था उसके बाद संगीता को अपने गांव लेपा आरोपी ले आया था गांव लाते समय रास्ते में राधेश्याम ने अपनी पहली शादी होने की बात संगीता को बताई जिससे मृतिका संगीता नाराज हो गई तो आरोपी ने संगीता को कुंवारी नदी में डुबोकर हत्या कर दी और वह अपनी नौकरी पर अकेला पहुंच गया। मृतिका संगीता की मां से उसके मिलने जुलने उसके घर आता-जाता था। संगीता की मां द्वारा संगीता से बात कराने एंव मिलने की कहने पर आरोपी अपने परिवार के संयुक्त फोटो में अपनी पत्नी सरिता के चेहरे पर मृतिका संगीता का चेहरा कम्प्यूटर से लगवा कर दिखा कर गुमराह करता रहा तथा आबाज बदलकर लडकी की आवाज मेमें उसकी मां को गुमराह करता रहा मृतिका संगीता की मां को शंका होने पर अपने पुत्र इन्द्र कुमार के साथ आकर गांव में जानकारी की तो उसको पता चला कि राधेश्याम पूर्व से शादी शुदा है और उसकी लडकी की उसने हत्या कर दी है तब उसके द्वारा थाना सिहोनिया में रिपोर्ट की पुलिस ने रोजनामचा सान्हा 735 पर दर्ज कर जांच की तथा मर्ग कं. 13/11 धारा 174 व अपराध कं. 93/11 अपराध धारा 302, 201 पंजीबद्ध किया तथा अभियोग पत्र पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जो उपार्पण उपरांत ए.डी.जे. को प्राप्त हुआ न्यायालय द्वारा प्र.क. 26/ 12 सत्रवाद पर दर्ज कर आरोप विचरित किये गये तथा अभियोजन की ओर से उक्त प्रकरण में साक्षी कराये गये। साक्ष्य में थाना प्रभारी सिहोनिया द्वारा रूचि रखकर न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत किये। उक्त प्रकरण में पैरवी रामसेवक मिश्रा अपरलोक अभियोजक अम्बाह द्वारा की गई। आरोपी राधेश्याम उर्फ रवि को दोषी पाते हुये श्रीमान प्रथम ए.एस. जे. पंकज कुमार जैन ने 7000/- रूपये के अर्थदण्ड एवं आजीवन कारावास धर्मा अपर लोक अभि एवं अति शास.दण्डित किया गया।










# निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यालय ई-कार्यालय में तब्दील हों

## कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र लोगों को मिले, इसके लिये जिला अधिकारी अपने मैदानी अमले के साथ-साथ गूगल मीट के माध्यम से हितग्राहियों से भी संवाद करें। शासन की प्राथमिकता वाली 39 योजनाओं की निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने शनिवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री एच बी शर्मा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला अधिकारियों से कहा कि टेक्नोलॉजी का उपयोग कर काम में तेजी लाएँ। सभी कार्यालय ई-ऑफिस में तब्दील हों, इसके लिये समय-सीमा निर्धारित की गई है। सभी अधिकारी अपने कार्यालय को ई-



ऑफिस में तब्दील करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिला अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों की भी गूगल मीट से नियमित समीक्षा करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ सके। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। इसके साथ ही तहसील स्तर पर पदस्थ अमला भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से अनुमति प्राप्त कर ही मुख्यालय छोड़े। बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अभियान चलाकर अधिक से अधिक केवायसी का कार्य करें। इसके साथ ही 25 मार्च से पूर्व सर्वे कर सभी पात्र बहनों का चिन्हांकन कर लें। महिला बाल विकास विभाग अमले मैदानी अमले को भी इस कार्य में लगाए ताकि 25 मार्च तक पात्र हितग्राही सामने आएँ और उनके फॉर्म भरवाए जा सकें। इसके लिये शिविर भी आयोजित किए जाएँ। बैठक में उपार्जन की भी समीक्षा की गई। उपार्जन के लिये कराए गए सर्वे में 14 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन हुआ है। पंजीयन के पश्चात मैदानी अमला भौतिक सत्यापन का कार्य भी प्राथमिकता से करे।

# सूर्या रोशनी लिमिटेड में एक दिवसीय परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

पुष्पांजली टूडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

**मालनपुर/** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड कंपनी में एक दिवसीय परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 30 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया परीक्षण शिविर में जिले की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आलोक शर्मा डॉक्टर सिद्धार्थ चौहान एवं राहुल सोनी ने सी पी आर देने की विधि की जानकारी दी अगर कोई अगर कोई व्यक्ति बेहोश हो यह दिल की धड़कन बंद हो गई हो या पल्स नहीं चल रही हो ऐसी स्थिति में सी पी आर दी जाती है जिससे पेशेंट को सांस लेने में सहायता मिलती है सी पी आर देने से ब्रेन और ब्लड सरकुलेशन में सहायता मिलती है जिससे व्यक्ति नया जीवन मिल सकता है डाक्टर सिद्धार्थ चौहान ने ट्रेनिंग कराते हुए बताया कि अगर किसी व्यक्ति की हृदय गति रुक जाती है तो हॉस्पिटल ले जाते समय सी पी आर की मदद से उसे नई जिंदगी दे सकते हैं सीपीआर देने का सही तरीका व्यक्ति को सबसे पहले सीधा लिटा लो ध्यान दें कि कोई अंग मुडा ना हो उसके बाद आपने





हाथों कि दोनों हथेलियों से ऊपर रखते हुए सीने को दबाए चेस्ट पर प्रेशर डाले जिससे जान बच सके ट्रेनिंग 30 ज्यादा कर्मचारियों अधिकारियों ने ट्रेनिंग ली जिसमें सूर्या रोशनी प्लांट हेड तपन कुमार बंदोपाध्याय, सूर्या रोशनी एच आर हेड मुकुल चतुर्वेदी, सूर्या हाईमास्ट पाइप डिवीजन प्लांट हेड मान सिंह शेखावत, राजेश पांडे, विनोद राजपूत, संजय कुशवाह, आदि मौजूद रहे।

# श्रीमदभागवत कथा का हुआ शुभारंभ

पुष्पाजंली टुडे

**मैसूरु।** समस्त राजस्थानी समाज,मैसूरु के तत्वावधान तथा जोधपुर स्थित गुरू कृपा आश्रम



प्रमुख गुरू राजाराम महाराज के सानिध्य में कथावाचक संत कृपाराम महाराज का रथ पर विराजित कर कलश यात्रा निकाली गई द्य महिलाओं ने सिर पर कलश धर कर मंगल गीत गाये द्य गेर मंडल ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा धारण कर चंग की थाप पर नृत्य कर वरघोड़ा की शोभा बढाई द्य श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए कथा स्थल आईमाता मंदिर परिसर पहुंचे। कथा के प्रथम दिवस पर गुरुवर राजाराम ने मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे मैसूरु जिले के सुतुर मठ प्रमुख शिवरात्रि देशिकेंद्र महास्वामी का विधिवत बहुमान किया द्य सुतुर मठ प्रमुख ने द्वीप प्रवजलन कर श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ किया द्य कथा के प्रारंभ में संत ने विश्व मंगल की कामना की। व्यासपीठ से संत ने कहा कि कथा को कर्ण के साथ साथ अगर अंत कर्ण से भी सुनी जाए तो व्यक्ति का जीवन जरूर बदल जाता है। भागवत का महात्म्य बताया। बाल संत जगदीश महाराज ने राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत किए। भजनो पर भावविभोर होते हुए महिलाओं व पुरुषों ने जमकर नृत्य किया। कथा के अंत में आरती की गई। इस अवसर पर सूराराम सीरवी, दुर्गाराम देवासी, मांगीलाल सीरवी, मोटाराम सीरवी, समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर, प्रकाश ढाका, पृथ्वी सिंह चांदावत, भंवरलाल सीरवी, मंगलाराम काग, लाबूराम तड़वा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, सांसद श्रीमती संध्या राय, पाठ्यपुस्तक विकास निगम अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम अध्यक्ष रणवीर जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान, एडीएम जेपी सैयाम सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# हेमंत के जन्मदिवस पर मंत्री यादव, कलेक्टर ने दी बधाइयां



**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

मुंगावली जिले के जाने माने पत्रकार हेमन्त यादव को उनके ईष्ट मित्रो ने उनके जन्म दिन की बधाइयां दी सोसल मीडिया पर दो दिनों बधाइयों का शिल शिला जारी है ज्ञात हो की हेमन्त यादव ने अपनी पत्रकारिता 15 वर्ष पूर्व एक धार्मिक पत्रिका से प्रारम्भ की और आज देश के जाने माने नियूज़ चैनल सुबराज के हेड संवाददाता है पत्रकारिता के साथ साथ इन्होंने हिंदुत्व के लिए भी कई आयाम कायम किए है बजरगदल में सक्रिय रहते हुए गौ माता को कसाइयो से बचाया साथ ही शिब के परम भक्त है जिस के लिए हर वर्ष नगर में भगवान शिव जी की बारात निकल बाते है इनकी पत्रकारिता की बात की जाय तो इनका फोकस छोटी मोटी खबरों पर कभी नहीं रहा है ये हमेशा बड़े खुलासे करने में रुचि रखते है उस के लिए रात दिन कड़ी मेहनत करते रहते है दो से तीन बजे रात तक जागते रहते है ये कई लोगो की मदद सोसल मीडिया के माध्यम से करते रहते है ईश्वर ने जितनी ऊंचाई इनके शरीर को प्रदान की है उसी प्रकार इनके ऊंचे विचार भी है मित्रो और सभी पत्रकार साथियों के लिए हमेशा तत्पर रहते है इनके जन्म दिवस के उपलक्ष में कल से ही नगर में जगह जगह कई प्रकार के कार्य क्रम आयोजित किए जा रहे इनके जन्म दिवस की खुशी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है जब हमने इंग्लिश और देशी शराब के ठेकेदार प्रेमनगर के ओनर पिंकी राठौर से बात की तो उन्होंने बताया की पूरे जिले में कल और आज अचानक हमारी (सेल) बिक्री अचानक हर वर्ष उछाल आ जाता है इस लिए हमे विशेष स्टाक रखना पड़ता है जब हमने उन्हें इस बिक्री का कारण जन्म दिवस बताया तो उन्होंने कहा की हमे तो जानकारी ही नहीं थी उन्होंने भी हेमन्त यादव को जन्म दिवस की बधाई दी और उन्होंने घोषणा की है की हर वर्ष 11मार्च को जन्म दिवस के उपलक्ष में 40/ डिसकाउंड रहेगा। इस के अलावा नगर में जन्म दिवस के केको की बिक्री इतनी बड़ गई है की ब्लेक में खरीद रहे है फैंस मुंगावली के जनप्रतिनिधियों, नपा अध्यक्ष, पार्षदो, पत्रकारों, नगर वासियों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी जा रही है।

# भारतीय जनता पार्टी विकलांगों के साथ छल और कपट करके राजनीति कर रही है

**श्योपुर** – मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हर क्षेत्र में बड़े-बड़े दावे क्यों न कर ले लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। मध्य प्रदेश के विकलांगों के साथ छल और कपट करके राजनीति की रोटी सेक रही है। विकलांगों को आज तक कोई मदद नहीं मिल पाई 2016 के विकलांग कानून आज तक लागू नहीं हो पाया 2014 में हाई कोर्ट इंदौर का आदेश था कि विकलांगों की भर्ती किया जाए वह भी पूरी नहीं कर पाई। शिवराज सिंह चौहान मीठी मीठी बातें करके लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। नेताओं को महंगाई भत्ता बड़ा रही है लेकिन विकलांगों को आज तक महंगाई भत्ते में एक रुपए भी इजाफा नहीं हुआ है। विकलांगों के जमीनी हकीकत कुछ और है हर प्रदेश में विकलांगों को पेंशन में बढ़ोतरी हुई लेकिन मध्य प्रदेश भुक्कड़ जैसे प्रदेश में विकलांगों को सिर्फ आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।



विकलांग बल प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान झूठे और मक्कार इंसान हैं उन्होंने यहां तक कहा है कि सिर्फ जाल में फंसाने का काम करते हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मध्यप्रदेश में सभी विकलांग मिलकर पुतला दहन करेंगे। रीवा के विकलांग बल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर ऐसा ही कारनामा रहेगा तो रीवा जिले में प्रथम स्थान ऐसा होगा जो रीवा जिले में आमरण अनशन करेंगे और पुतला दहन करेंगे जरूरत पड़ी तो आत्मदाह करने के लिए तैयार रहेंगे। भाजपा सरकार आज तक झूठे वादे करके लोगों को अपने जाल में फंसा रही है। अगर कोई भी विकलांग किसी भी अधिकारी के पास जाता है शेर जैसी दहाड़ करता है। आज तक कोई भी विकलांग आगे नहीं आया है सिर्फ लज्जा का सामना करता रहा है। प्रदेश के हर जिले के सामाजिक न्याय विभाग मनमानी रवैया में उतारू है अगर किसी भी अगर फॉर्म अप्लाई करें ट्राईसाईकिल के लिए तो सिर्फ वह अपने जेब में रखकर काजी कलम पूरा कर लेते हैं यह भी भिखारी की तरह नजर आने लगे हैं। विकलांग इतना परस्त हो चूका है इस प्रदेश मैं की अपनी मांगों को लेकर रोड़ पर उतर आए है राधोगढ़ से गुना तक विकलांग स्वाभिमान यात्रा निकाली गई जो 11 दिन मैं गुना पहुंची यह देखकर भी शिवराज सिंह चौहान ने विकलांगों की सुध नही ली प्रदेश का हर विकलांग भाजपा की सरकार से नाराज है!

# आज हर कोई स्टाइलिश दिखाना चाहता है:डॉ. प्रतीक्षा जैन

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** आज गांव से लेकर शहर तक में ब्यूटी सैलून, स्पा और कॉस्मेटिक क्लिनीक्स में बढ़ोतरी हो रही है, जिसकी वजह से कॉस्मेटोलॉजी इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रहा है।इसमें त्वचा की देखभाल से लेकर बालों की देखभाल, मेकअप, स्टाइलिंग आदि विभिन्न सौंदर्य उपचार

## जीतो नार्थ महिला विंग ने मनाया रंगोत्सव

होते है। इस क्षेत्र में हेयर स्टाइलिस्ट और हेयरड्रेसर, ब्यूटीशियन, स्किन केयर स्पेशलिस्ट, एस्थेटिशियन, नेल टेक्नीशियन आदि शामिल हैं। आज हर कोई स्टाइलिश दिखाना चाहता है, यह बात जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग द्वारा गुब्बी गुडू रिसोर्ट में आयोजित रंगोत्सव ÷बिग बेग होली÷ में फिजिशियन एवं कॉस्मेटोलॉजी डा. प्रतीक्षा जैन ने कही। रंगोत्सव के दौरान राष्ट्रीय योजना कौशल विकास के अन्तर्गत आयोजित कार्यशाला ÷एलिगेन्स ब्यूटी नेवर फेड्स÷ में बोलते हुए डा. प्रतीक्षा ने बताया कि ब्यूटी एंड पर्सनल केयर मार्केट के रिपोर्ट के अनुसार 2027 तक भारत की कॉस्मेटोलॉजी इंडस्ट्री की वर्थ 33.3 मिलियन अमेरिकन डॉलर हो जाएगी। अगर आप भी लोगों को खूबसूरत बनाने में दिलचस्पी रखते हैं और कॉस्मेटिक की दुनिया फेसिनेट करती है तो कॉस्मेटोलॉजी के तौर पर करियर बनाना बेहतरीन होगा। जीवन के मूलमन्त्र पर अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन और करियर दोनों के लिए अच्छे स्ड़वभाव का बड़ा महत्ड़व



है। सत्र की शुरुआत नवकार मंत्र से हुई। प्रशिक्षक का परिचय संयोजिका संगीता बेताला ने दिया। द्वितीय प्रशिक्षक सफल मंच संचालिका, सुमधुर गायिका एवं स्टैंडअप कॉमेडियन शोभना आनंद का परिचय सह-संयोजिका संगीता नागोरी ने दिया गया। अपने चिरपरिचित अन्दाज़ में प्रशिक्षण देते हुए शोभना आनंद ने कहा कि अगर संचालन में माहिर बनना चाहते हैं और लोगों के दिलों को जीतना चाहते हैं, तो सबसे पहले आप में एक अच्छा श्रोता का गुण होना अनिवार्य है। जब आप सामने वाले कि बात सुनते हैं, तो वह आपमे काफी दिलचस्पी दिखाते हैं। दूसरों से बातें करते वक्त दूसरे व्यक्ति को ध्यान से सुने।उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार से माला का धागा मोती के सभी दानों को एकत्रित करके रखती है, उसी प्रकार संचालन कर्ता दर्शकों को बांधे रखें।मंच संचालन को कठिन कार्य न समझकर एक सामान्य प्रक्रिया समझकर इस कार्य को करें। आपके पास चाहे कितना भी ज्ञान हो, परन्तु यदि आप में आत्मविश्वास ही नहीं है तो आप कभी भी एक सफल मंच संचालक नहीं बन सकते हैं । अपनी भाषा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। दूसरा प्रमुख गुण है सम्पूर्ण शरीर का हाव भाव। आप अपने चेहरे, वाणी व हस्त संचालन को अपने मंच संचालन में अवश्य उपयोग करें ।कार्यक्रम जिस विषय पर आधारित है, मंच संचालक का पहनावा उसी प्रकार का होना चाहिए। हाल ही जीतो महिला विंग द्वारा आयोजित आर्ट ऑड़ एम्सिंग÷ कोर्स करनेवालों ने इस मंच से शानदार विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियाँ दी । जिनको दर्शक दीर्घा से प्रोत्साहन और खूब तालियाँ मिली।जीतो सदस्यों ने ÷बिग बैंग होली, रंगोत्सव ÷के ज़रिए होली त्योहार को मनाया। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का गुलाल से स्वागत करते हुए कहा कि होली का पर्व बहुआयामी है। इस दिन समाज से ऊंच-नीच, गरीब-अमीर जैसी विभाजक भावनाएं विलुप्त हो जाती हैं। उत्साह और उमंग से भरे इस त्योहार और उत्सव को हम सब साथ मनाये ।मध्याह्न सत्र में उषा मुथा द्वारा अद्भुत अनोखी अन्ताक्षरी का आयोजन हुआ जिसमें संभागी आठ टीम मैं से प्रथम द्वितीय तृतीय को मुथा परिवार की ओर से पुरस्कृत किया। सभी सदस्यों ने फूलों की होली का एवं ठंडाई का लुफ्त उठाया और पूरे दिन जोश के साथ रंगोत्सव मनाया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना व रेश्मा पुनमिया, सहमंत्री पिंकी मेहता, कार्यसमिति सदस्य सुमन सिंघवी, सुष्मिता सेठिया, साधना धोका, समिति से मोना आँचलिया, संतोष सोलंकी, दमयंती कटारिया, बिन्दु नाहर, कला लुणावत, सीमा मेहता, अनिता छाजेड, विनोद बाई खटेड़, संतोष गिरिया, सरोज गिरिया इत्यादि का पूर्ण सहयोग रहा। रंगोत्सव में लगभग 150 सदस्यों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षकों का जीतो द्वारा सम्मान किया गया। आयोजन में मूवन प्राइवेट लिमिटेड का सहयोग रहा। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने संचालन किया । राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ।

# हिंदू विकास दर पर बिलबिलाना!

सोचें अमृत काल बनाम हिंदू विकास दर पर! हिंदू विकास दर मतलब हिंदुओं के आगे बढ़ने की कछुआ रफ्तार। एक पॉजिटिव मगर हल्का जुमला। विकास शब्द से कमाई, रोजगार, जेब में पैसे और झुग्गी-झोपड़ में भी बिजली-टीवी जैसी चीजें मिलने की उन्नति की फीलिंग बनती है। वही अमृत काल देवलोक की अनुभूति कराता हुआ। पर मूल रूप में समय की यह धारणा सत्ता शिखर पर बैठे सत्तावानों के आनंद, उसके गौरव का अहंकार है। उस नाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार ने यदि अपने सत्ता भोग को अमृत काल करार दिया है तो गलत नहीं है। याद करें वह संघ परिवार, वे हिंदूजन जो नव्वे साल से हवा में लाठी घूमा रहे थे। देश दुनिया में अछूत थे। जेल गए, गालियां खाईं। उनको जनता ने पसंद करके जब सन 2014 में भारत की सत्ता के शिखर पर बैठाया तो परिवार क्यों न अपने इस समय को अमृत काल घोषित करे?

अब इस अमृत काल को स्थायी बनाना है। वह तब संभव है जब 140 करोड़ लोग अमृत काल के सपने में खोए रहे। उन्हें रोजी-रोटी, रोजगार, मंहगाई, झुग्गी-झोपड़ी के हालातों मतलब जीवन की जरूरतों का होश नहीं हो। वे यह हल्ला नहीं सुनें कि लोकतंत्र खत्म हो रहा है या हिंदुओं की विकास दर कछुआ गति होती हुई है। जाहिर है सच्चाई न देखें, न सुनें और न समझें। तभी पिछले सप्ताह जब अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने हिंदू विकास दर की बात कही तो अमृत भोगी सत्तावानों ने रघुराम राजन को न



केवल झूठा अर्थशास्त्री करार दिया, बल्कि सोशल मीडिया में लाठी लेकर उन्हें वामपंथी, नेहरू की औलाद और देशद्रोही करार दे रहे हैं!

सोचें, आजाद भारत के कथित अमृत काल की सत्ता का इतनी छोटी-छोटी बातों पर इतना बिलबिलाना! भला क्यों? इसलिए कि यही मानसिकता भारत के कलियुग का मूल रसायन है। झूठ, पाखंड में जीना और सच्चाई से मुंह चुराए रहना भारतीयों का स्थायी मिजाज है। तभी सदियों गुलाम रहे और इक्कीसवीं सदी में भी फिर से गुलाम होते हुए हैं। भले वह सत्ता की गुलामी हो या चीन की गुलामी। 140 करोड़ लोगों के देश की दिशा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल में ऐसा अंधा बनाया है कि घर-घर लोग 'कलिः शयानो भवति' की नियति से सपनों में सोते हुए हैं। लोगों को इतना भी याद नहीं है कि 'अच्छे दिन' फील होते हुए नहीं हैं और अमृत काल का चश्मा लगा बैठे हैं।

सवाल है जब नरेंद्र मोदी का अमृत काल और उनका अमरत्व अजर-अमर है तो छोटी-छोटी बातों पर घबराना क्यों? वे हार नहीं सकते और भाजपा-संघ परिवार जब हमेशा के लिए हिंदुओं के अधिपति हो गए है तो आईना दिखाने वाले या अपनी समझ की सच्चाई बोलने वालों से इतना परेशान होने की क्या जरूरत है? जब नरेंद्र मोदी से दुनिया ज्ञान लेती हुई है तो राहुल गांधी, राजन जैसे बेरोजगार लोगों के भाषणों पर बिलबिलाने की क्या जरूरत है? हिंदूशाही को सत्ता का मजा लेते रहना चाहिए या दिन-रात इस जासूसी में गुजारना चाहिए कि किसी ने कहीं कुछ बोला तो नहीं?

जवाब में दूसरा भारत-हिंदू सत्य। और यह भी इतिहास में प्रमाणित है। हिंदू चरित्र क्योंकि हमेशा भयाकुल दिल-दिमाग लिए हुए रहा है तो हर राजा और हर प्रधानमंत्री कमोबेश साजिश की आंशकाओं में राजा करता आया है। जैसे विकास का खास हिंदू चरित्र है वैसे राज का भी खास हिंदू चरित्र है। तभी तो छप्पर फाड़ बहुमत, अजर-अमर अमृत सत्ता की हवाबाजी के अमृत काल में भी नरेंद्र मोदी, अमित शाह और पूरी हिंदूशाही हर तरह से भयाकुल और दिन-रात सत्ता गंवाने की चिंता में दस तरह के भय पाले हुए। तभी सत्य से डर, 'पप्पू' से डर, अर्थशास्त्री से डर, आलोचक से डर, वामपंथी से डर, केजरीवाल से डर, नीतीश से डर, उद्धव ठाकरे से डर, 'बीबीसी'' से डर, चीन से डर, पाकिस्तान से डर और लोगों को हर तरह के प्रोपेगेंडा से भरमाए रखना हम 'अमृत काल' में जी रहे है।

# हिंदू विकास दर का सच

भारत की सच्चाई का नाम है हिंदू विकास दर! इसका प्रमाण क्या है और इससे विकास हुआ कहां है? जवाब में पाठकों से मेरा अनुरोध है कि अपने-अपने शहर में ये उदाहरण तलाशें, जो मैं दिल्ली के दे रहा हूं। दिल्ली में शनिवार-रविवार या छुट्टी के किसी भीड़ भरे दिन इंडिया गेट के सर्कल, सोमवार को करोलबाग-रैगरपुरा के सोमवार बाजार या एम्स अस्पताल के बाहर जा कर इलाज के लिए आए चेहरों पर जरूर गौर करें। टाइमपास करते, घूमते और खरीदारी करते हुए लोगों को समझें! एक और उदाहरण वसंत विहार-जेएनयू मोड़ की कच्ची बस्ती का है। मैं इन जगहों को 30-40 वर्षों से ऑब्जर्व कर रहा हूं। मेरा मानना है कि अशोका रोड के भाजपा दफ्तर में रहते वक्त नरेंद्र मोदी ने भी इंडिया गेट या एबीवीपी आफिस जाते-आते रैगरपुरा को देखा और जाना होगा, वैसे ही यदि वे अब बंद शीशे की कार में इन इलाकों में घूमें और चेहरों से लोगों की दशा-दिशा बूझे तो न केवल तब और अब के फर्क की रियलिटी समझ आएगी, बल्कि अमृत काल का सत्य भी मालूम होगा!

मूल सवाल है हिंदुओं की विकास दर में लोगों की खुशहाली कैसी? आंकड़ा नहीं, बल्कि जीवन सत्य। पहली बात, जैसे आबादी बढ़ी वैसे ही इन चारों जगह भीड़, आबादी की सघनता बढ़ी। भीड़ का विकास हिंदू दर की गति से कछुआ चाल में। मेरे अनुभव ने इंदिरा गांधी के वक्त से विकास बनता देखा। शुरुआत थी सरकारी जमीन पर कबाड़ियों के कबाड़ रखने से। कबाड़ी सामान के दो-चार ढेर। फिर अस्थायी शेड व झोपड़ियां। अगला विकास कबाड़ के सामानों से ही बिना छत के कच्चे मकान। फिर ईंट-सीमेंट की दीवार और उन पर चादर की छत... विकास का बड़ा मोड़ पक्की छत...एक पक्का कमरा, उस कमरे पर धीरे-धीरे दूसरा, तीसरा, चौथा कमरा। बस्ती फैल गई। बस्ती की एक-एक फिट की गलियों में विकास पहुंचा। गलियां सीमेंट की बनीं। छतों पर पहले दूरदर्शन का एंटीना और बदले वक्त के धक्का विकास से सेटेलाइट डिश, सो रुपए रूपए महीने का लाइट कनेक्शन।...विकास कारोबारी और आमदनी बनाने वाला हुआ। कमरे किराये पर उठने लगे...कमरे की छत क्रंकीट की बनते दिखी। खिड़की पर कूलर, कोने में दुकानें और एक बोर्ड ब्यूटी सैलून की सूचना देते हुए भी...।

रोजगार और विकास में और गति। बस्ती के बाहर लोगों द्वारा फल-सब्जी, कुलचे, खानपान का धंधा करने के ठेले-रेहड़ी दिखने लगे। शीला दीक्षित के समय बस्ती को घेरती हुई दीवाल बनी। सुंदरीकरण हुआ। शौचालय का इंफास्ट्रकचर बना। चौराहे पर भीख मांगते, या तिरंगा व छोटी-छोटी चीजें बेचते बच्चों व औरतों का रोजगार फला-फूला...अब बस्ती में खूब राशन बंटता है। लोग उसका बड़ा हिस्सा व्यापारी को ही बेचकर नकदी पाते हैं। ...गांव में रह रहे लोगों को भी राशन, पचास सो, हजार-दो हजार रुपए मिलने से लोग संतुष्ट हैं। औरतों को अगल-बगल की कॉलोनियों के घरों में काम की कमी नहीं। जाहिर है जिंदगी अब वैसी नहीं जैसी चालीस साल पहले बाप-दादाओं की थी।....मगर हां, न बच्चे पढ़ाई करने जाते हुए कभी दिखे और न केजरीवाल सरकार के बावजूद मोहल्ला चिकित्सा या स्कूल का कोई ढांचा मुझे कभी बनता नजर आया।... अब इस विकास का हिंदू विकास दर का कमाल मान या अमृत काल का अमृत विकास, फैसला आपका। हां, यह ध्यान रखें कि दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ी और उसकी आबादी का सच्चा आंकड़ा तलाशें तो तलाश नहीं पाएंगे।

## जीडीपी के आंकडे और इंडियागेट, एम्स के चेहरे!

अब जरा करोलबाग-रैगरपुरा के सोमवार बाजार को देखें। सोमवार की छुट्टी के दिन तीस साल पहले भी फुटपाथ बाजार लगाता था। पर कुछ सड़कों पर ही। अलग-बगल का मध्य वर्ग तब खरीदारी करता था। प्रमुख तौर पर कपड़ों की खरीदारी। और अब? पूरा इलाका मानों मेले का हाट बाजार... इतनी भीड़ की यह सोच दिमाग चकरा जाएगा कि करोलबाग इलाके में कहां जगह है जो झुग्गी-झोपड़ी बस्ती वाली ऐसी भीड़... कपड़े अभी भी बिकते है जैसे दो सो-ढाई सो रुपए की जिंस या गरम कपड़े... प्लास्टिक का सामान, तेल-मसाले, और रोजमर्रा की जरूरतों व साग-सब्जी और आउटिंग के लिए भटूरे, चाइनीज के रेहड़ी मतलब गांव के हाट बाजार का वह नजारा जिससे लगेगा कि देश की राजधानी का एक पॉश इलाका सतह के नीचे की जिंदगी का कैसा विशाल हाट बाजार है। पहले रैगरपुरा में जूते बनते थे मगर न अब बनाने वाले हैं और न बनवाने वाले। कहते हैं चीन और आगरा की फैक्टरियों में बने बेहद सस्ते सामानों और जूतों का यह इलाका नामी बाजार है।

तीसरा उदाहरण इंडिया गेट का। रैगरपुरा की भीड़ और हाट बाजार के साये में धीरे-धीरे ढलता नया इलाका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया गेट पर तिरंगी लाइट, नई लाइटिंग और कर्तव्य पथ का ऐसा प्रचार बनवाया कि जो इंडिया गेट तीस-पैंतीस साल पहले दिल्ली के मध्यवर्गीय परिवारों, सरकारी कर्मचारियों, नौकरीपेशा और बाहर से आए टूरिस्टों के चेहरों से भरा होता था अब वह उन झुग्गी झोपड़ियों, गरीब-कच्ची-पक्की बस्ती के लोगों की आउटिंग से भरा है, जो कनॉट प्लेस, आलीशान मॉल्स की बजाय देखने-घूमने, बच्चों को बहलाने के लिए, चाट-आईसक्रीम खाने व टाइमपास में इंडिया गेट को पसंद करने लग हैं। सो, चालीस साल की हिंदू विकास दर की यह उपलब्धि है, जो दिल्ली का मध्य वर्ग, सरकारी कर्मचारी परिवारों को मॉल जैसे नए ठिकाने मिले तो कच्ची-पक्की पुरानी-नई बस्तियों के दरिद्रनारायणों के लिए इंडिया गेट घूमने के अवसर का विकास!

अब दिल्ली के एम्स इलाके को देखें। अस्सी-नव्बे के दशक की मरीज भीड़ के मुकाबले अब भीड़ भारी। वह तब जब पूरे देश में जगह-जगह एम्स खुल गए हैं। बहरहाल इलाके में दरिद्रनारायण मरीजों और उनके परिवारों को फुटपाथ पर बैठे, सोते, खाते हुए देखेंगे। तब और अब के बीच की हिंदू विकास दर की उन्नति यह है कि पहले लोगों के लिए केवल फुटपाथ था। विकास हुआ और उससे सर्दियों में तिरपाल के रैन-बसेरे बने। चाहें तो इसे केजरीवाल-मोदी राज के अमृत काल में हुई प्रगति मानें कि अब सफेद रंग की प्लास्टिक के आधुनिक कैनोपी टेंट के रैनबसेरे हैं। कुछ कंटेनर भी रख दिए गए हैं। बावजूद इसके फुटपाथ, चौराहे के बीच घास के सर्कल में लोग सुबह, रात, दिन सोए मिलेंगे। एम्स इलाका अब इसलिए भी जाना जाता है कि शहर में पुण्य करने और पाने की अच्छी जगह है एम्स। गाड़ी में खाने-पीने का सामान भर कर ले जाओ।...जैसे ही धर्मादा करने पहुंचे लोग पूड़ी-दाल, खाना लेने के लिए लाइन लगाए हाजिर। सो, एम्स इलाके के विकास का साइड विकास पैसे वालों को झटपट पुण्य दिलवाने का भी!

यही वह हिंदू विकास दर है, जिसे मैं इंदिरा गांधी के वक्त भारत के दरिद्रनारायण चेहरों का शहरों में आने शुरू मानता हूं...झुग्गी-झोपड़ियां बनीं, वे फिर गरीबी हटाओ की राजनीति की भीड़ हुई। भीख-राशन तथा घरों में कामकाज से लोगों का गरीबी उन्मूलन शुरू हुआ। इनके नाम पर तब बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ। राशन के बाद रेवड़ियां चालू हुईं। गरीब तक फ्री बिजली, फ्री पानी का इंफ्रास्टक्चर पहुंचा...महानगरों में देहात के हाट बाजार लगने शुरू हुए... बिना पढ़ाई के बच्चों को सेकेंडरी पास के सर्टिफिकेट बंटे। आयुष्मान, जनधन, सस्ते फोन, साइकिल, कपड़े, मनरेगा आदि के सामाजिक कल्याणों से एक तरफ वेलफेयर समाज बना तो दूसरी ओर मेरे इन चारों उदाहरणों के अगल-बगल के ही वसंत विहार से लेकर तमाम तरह के वे शॉपिंग मॉल, एयर ट्रैफिक, विदेश यात्राओं तथा विश्व के पांच सो खरबपतियों में अपने अंबानी-अडानी का क्रोनी एपांयर बना। और जीडीपी के आंकड़े उछलते हुए। बावजूद इसके अंतिम सत्य कि देश में वायरस आया तो 140 करोड़ लोगों की भीड़ के करोड़ों प्रतिनिधि चेहरे महानगरों से भागते हुए करोड़ों की संख्या में भरी गर्मी में भूखे-नंगे हाईवे पर गांव लौटते दिखाई दिए... इतना ही फिर महामारी की शिकार लाशें गंगा में बहती, गंगा किनारे लावारिश जलती भी दिखलाई दीं। इतिहास में अमृत काल का सत्य दर्ज करवाते हुए।

सो, नरेंद्र मोदी जीडीपी को साढ़े चार-छह-आठ प्रतिशत बता कर अपनी डुगडुगी बनाएं या रघुराम राज में ढाई से साढ़े तीन प्रतिशत विकास दर का आईना दिखलाएं, भारत और उसकी 140 करोड़ की भीड़ तो दरिद्रनारायण का वह सनातन सत्य है, जिसे दुनिया सदियों से जानती है हम भले आंखें होते हुए भी न जानें!

## रघुराम राजन ने क्या गलत कहा?

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भारत सरकार और सत्तारूढ़ भाजपा की दुखती रग पर हाथ रखा है। पिछले दिनों तीसरी तिमाही यानी सितंबर-दिसंबर 2022 के सकल घरेलू उत्पादन के विकास दर का आंकड़ा आया था। उसे जान कर उन्होंने कहा कि भारत खतरनाक ढंग से हिंदू विकास दर के नजदीक पहुंच गया है। असल में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की विकास दर 4.4 फीसदी रही। दूसरी तिमाही में विकास दर 6.3 थी। जबकपहली तिमाही यानी अप्रेल-जून 2022 में विकास दर 13.2 फीसदी थी। रघुराम अर्थशास्त्री हैं तो उनको इन तीनों तिमाहियों की विकास दर का फर्क पता है। पहली तिमाही में 13 फीसदी से ऊपर विकास दर इसलिए थी क्योंकि उसका बेस बहुत छोटा है। कोरोना वायरस का संक्रमण शुरू होने के बाद अप्रैल-जून 2020 में भारत में विकास दर माइनस 24 फीसदी हो गया था। उस बेस पर जरा सी भी बढ़ोतरी दो अंकों में पहुंच जाती है। लेकिन उसके बाद जैसे जैसे सुधार हुआ वैसे वैसे बेस बढ़ता गया और इसलिए तीसरी और चौथी तिमाही में विकास दर कम है।

कह सकते हैं कि तीसरी तिमाही का आंकड़ा 4.4 फीसदी की विकास दर ही वास्तविक है। असली विकास दर इसी के आसपास है। इसी रफ्तार से भारत का सकल घरेलू उत्पादन बढ़ रहा है। ऐसा नहीं है कि इस तरह की निम्न विकास दर कोरोना के बाद का मामला है। कोरोना के पहले ही विकास दर में गिरावट शुरू हो गई थी। नवंबर 2016 की नोटबंदी के बाद से विकास दर में गिरावट रही है। यह जानना और दिलचस्प है कि वित्त वर्ष 2014-15 में देश की विकास दर सात फीसदी से ऊपर थी और अगले दो साल तक विकास दर इसी के आसपास रही थी। मगर नोटबंदी के बाद गिरावट चालू हुई। उसके बाद जीडीपी लगातार गिरती गई।

कोरोना का संक्रमण शुरू होने के बाद पहली तिमाही में विकास दर माइनस 24 फीसदी थी। उससे ठीक पहले वित्त वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही याकि जनवरी-मार्च 2020 में विकास दर गिर कर 3.1 फीसदी पहुंच गई थी। तब भारत में कोरोना का असर नहीं शुरू हुआ था। वित्त वर्ष 2019-20 में विकास दर 4.2 फीसदी रही थी। उससे पहले यानी वित्त वर्ष 2018-19 में विकास दर 6.1 फीसदी थी। इससे पहले के वित्त वर्ष में विकास दर साढ़े छह फीसदी के आसपास थी। इस तरह से साफ देख सकते हैं कि नोटबंदी के बाद से विकास दर में गिरावट शुरू हुई और उसकी निरंतरता कोरोना आने तक बनी रही। कोरोना की वजह से विकास दर माइनस में चली गई। उसके बाद की विकास दर का कोई खास मतलब नहीं है क्योंकि पहले नोटबंदी और फिर कोरोना की वजह से अर्थव्यवस्था का आकार बहुत घट चुका था। इसलिए जरा सी भी बढ़ोतरी प्रतिशत में बहुत ज्यादा दिखाई देगी।

*शेष गपशप हाल-फिलहाल पेज पर...*

# नरेंद्र भाई के सौ अपकर्म और एक सत्कर्म



■ पंकज शर्मा

*एक बात के लिए तो नरेंद्र भाई को दाद भी देनी पड़ेगी कि उन्होंने भाजपा में परिवारवाद का तक़रीबन अंतिम संस्कार कर दिया है। 2024 आते-आते वे भाजपा में परिवारवाद के बचे-खुचे टीलों को भी ध्वस्त कर डालेंगे। भले ही वे ऐसा इसलिए कर पाए हों कि उनका ख़ुद का परिवार है नहीं और अपने भाई-बहन के परिवारों में भी उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है, मगर किसी राजनीतिक दल को पारिवारिक विरासत की कुरीति से मुक्ति दिलाने का काम ख़ुशनुमा वादियों की सैर नहीं है। भारत में ऐसा कौन-सा राजनीतिक दल है, जो गले-गले तक नही तो टखनों-टखनों तक परिवारवाद के गारे में न धंसा हुआ हो।*

नौ साल में नरेंद्र भाई मोदी ने बहुत कुछ किया है। सियासत की समावेशी संस्कृति का नाश कर दिया है। विधायी परंपराओं को नेस्तनाबूत कर दिया है। संवाद के तमाम मंचों को एकांगी खूंटी पर लटका दिया है। जनादेश को छिन्न-भिन्न कर अपनी गठरी में डाल लेने की कला पर विजय प्राप्त कर ली है। ख़ुद को पूरी बेरहमी से सब पर थोप दिया है। सारे उपलब्ध औजारों का इस्तेमाल कर प्रतिपक्ष को अपंग बना डाला है। भारतीय जनता पार्टी के भीतर भी अपने से असहमत एक-एक को चुन-चुन कर ठिकाने लगा दिया है। अपने पितृ-संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में बैठे खुद्दारों तक की मुश्कें बांध दी हैं। बिना आगा-पीछा देखे उन्होंने अपने मन की तमाम तरंगों को धरती पर बिखेरा और आसमान में उछाला है। अपनी इस अदा पर लोगों से ताली-थाली भी उन्होंने मन-बेमन बजवा ही ली है।

नरेंद्र भाई के सियासी, सामाजिक और सांस्कृतिक अपकर्मों की फेहरिस्त लंबी है। उन्होंने सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों और संवेदनशील ज़िम्मेदारी संभालने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को राजनीतिक पदों से नवाज़ने का अपूर्व सिलसिला शुरू कर इन बरामदों में लार-टपकाऊ प्रवृत्ति को प्रोत्साहन देने की गंभीर ख़ता की। ऐसा नहीं है कि पहले कभी ऐसा न हुआ हो, मगर नरेंद्र भाई के नौ साल में जितने तालठोकू अंदाज़ में यह हुआ, पहले कभी नहीं हुआ। इसने पर्दादारी की चादर को तार-तार कर दिया है। सुल्तान की सेवा में सर्वस्व सौंप देने वालों की कतार में ऐसे चेहरों की तादाद तेज़ी से बढ़ गई है, जिनसे स्वायत्त और निष्पक्ष होने की उम्मीद की जाती है।

अपने सहचर-पूंजीपति लंगोटियों का आंचल भी नरेंद्र भाई ने छलक-छलक स्तर तक भर डाला है। उनके इस जुनून से मंझले उद्योग-व्यवसाय तबाह हो गए तो हो गए। अपने हमजोलियों के प्रति उनके इस दीवानेपन ने ग़रीब-अमीर को घनघोर असामनता की महानदी के दो पाटों पर अलग-अलग खड़ा कर दिया तो कर दिया। सब उन के ठेंगे पर। ऐसा तो खेर कोई वक्त भारत की राजनीति में नहीं रहा होगा, जब हुक्मरानों ने अपने चहेतों को थोड़ी-बहुत बख़्शीशें न दी हों और थोड़ी-बहुत पनाह न दी हो, लेकिन नरेंद्र भाई के युग में पारितोषिक और अभिरक्षण प्रणाली के ऐसे निर्वस्त्र आयाम स्थापित हुए हैं, जिनके दर्शन से सब की आंखें फटी-की-फटी रह गई हैं। क्या दूसरों की आह को भी चरम-बदनाम कर देने और अपनों के सो खून भी माफ़ कर देने का यह माद्दा किसी और में आप ने पहले कभी देखा था? क्या पहले कोई रियासत अपने यहां आ कर फ़रारी काटने का ऐसा खुला आमंत्रण दिया करती थी? सकल दंड-मुक्ति का अभयदान देने की यह कूवत क्या पहले आप ने किसी में देखी थी?

बावजूद इन सब कुकर्मों के, एक बात के लिए तो नरेंद्र भाई को दाद भी देनी पड़ेगी कि उन्होंने भाजपा में परिवारवाद का तक़रीबन अंतिम संस्कार कर दिया है। 2024 आते-आते वे भाजपा में परिवारवाद के बचे-खुचे टीलों को भी ध्वस्त कर डालेंगे। भले ही वे ऐसा इसलिए कर पाए हों कि उनका ख़ुद का परिवार है नहीं और अपने भाई-बहन के परिवारों में भी उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है, मगर किसी राजनीतिक दल को पारिवारिक विरासत की कुरीति से मुक्ति दिलाने का काम ख़ुशनुमा वादियों की सैर नहीं है। भारत में ऐसा कौन-सा राजनीतिक दल है, जो गले-गले तक नही तो टखनों-टखनों तक परिवारवाद के गारे में न धंसा हुआ हो। क्या उन में से किसी के भी नेतृत्व में ऐसा करने का साहस है? इस गलीज़ परंपरा से छुटकारा पाने की छटपटाहट क्या आप को कहीं दूर-दूर तक दिखाई भी देती है?

मैं नहीं कहता कि भाजपा को परिवारवाद से मुक्त कराने का पुण्य नरेंद्र भाई के पापों को धो सकता है। इस से उन के पापों की गठरी हलकी नहीं हो जाएगी। लेकिन जो दिन-रात लोकतंत्र, वाणी-स्वातंत्र्य, समानता, समावेशिता और इंसाफ़ के लिए संघर्ष का पुण्य-कर्म कर रहे हैं, उन राजनीतिक दलों में मोजूद परिवारवाद का कलुषित मकड़जाल ने क्या उन के पापों की गठरी को बेहिसाब भारी नहीं बना दिया है? मुझे 2019 के मई महीने के आख़िरी शनिवार को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की वह बैठक याद है, जिसमें लोकसभा चुनाव में हार की ज़िम्मेदारी लेते हुए राहुल गांधी ने पार्टी-अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े की पेशकश की थी। वे दो बातों को ले कर बेतरह आहत थे। एक, चुनाव अभियान के दौरान उन्हें अपनी ही पार्टी के नेताओं से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला और उन्होंने कई मौक़ों पर ख़ुद को एकदम अकेला पाया। दो, आमतौर पर कांग्रेस का हर नेता चुनाव में अपने परिवारजन को उम्मीदवार बनवाने की कोशिश करता रहता है।

राहुल ने अंततः 3 जुलाई 2019 की अपराह्न 3 बज कर 37 मिनट पर कांग्रेस-अध्यक्ष पद से इस्तीफ़े का ट्वीट पोस्ट कर दिया। बीच के एक महीने में उन्होंने कई लोगों से इस बात का ज़िक्र किया कि भाजपा से तो मैदानी लड़ाई वे लड़ लें, लेकिन अपनी ही पार्टी के भीतर की रूढ़ियों से निपटना उन के लिए नामुमकिन-सा हो गया है। मैं मानता हूं कि राहुल में हमेशा से यह संकल्प रहा है कि अगर उनका वश चलता तो वे कांग्रेस को परिवारवाद से मुक्त कर देते। आख़िर उन्होंने भीतर-बाहर के तमाम विरोध के बावजूद ऐलान कर ही दिया था कि अब न तो वे स्वयं पार्टी के अध्यक्ष बनेंगे और न उनके परिवार का कोई भी सदस्य यह पद संभालेगा। उन्होंने यह कर भी दिखाया। लेकिन वे उतना ही कर सके, जितना निजी तोर पर उन के ख़ुद के हाथ में था। अलग-अलग चुनावों में पारिवारिक विरासतधारी प्रत्याशियों की बाढ़ वे नहीं रोक पाए। अखिल भारतीय कांग्रेस महासमिति के सदस्यों और प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधियों के ताजा निर्वाचन-चयन में भी परिवारवाद के ध्वजवंदन से कांग्रेस किसी भी राज्य में नहीं बच पाई।

मुझे राहुल की यह असहाय स्थिति देख कर दुःख होता है कि कोई दस महीने पहले उदयपुर में हुए कांग्रेस के चिंतन शिविर में पारित हुए संकल्प-पत्र के ज़्यादातर महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी ठंडे बस्ते में जाने से वे रोक नहीं पाए। एक व्यक्ति, एक पद और एक परिवार, एक टिकट के फ़ैसलों पर जमती धूल की परत दिनोंदिन मोटी होती जा रही है। जब पार्टी के सर्वोच्च नेता होने के बावजूद राहुल गांधी को और पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष होने के बावजूद सोनिया गांधी को कांग्रेस की शकुनि-मंडली ने इन संकल्पों पर अमल नहीं करने दिया तो, माफ़ करें, नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से तो यह दृढ़ता दिखाने की उम्मीद करना ही बेमानी है। वे नरेंद्र भाई के ख़िलाफ़ भले कितनी ही ज़ोर से दहाड़ते रहें, अपनी पार्टी के उन नारेबाज़ों को ख़ामोश करने की हिम्मत उन में नहीं है, जो यह निर्लज्ज दलील देते हैं कि परिवारवाद तो हर क्षेत्र में है तो राजनीति में है तो क्या ग़लत है?

जो भले ही जानते हैं, लेकिन मानते नहीं कि, निजी गुल्लकों और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की विरासत-परंपरा तय करने के नियम अलग-अलग हैं, उन की दुराग्रही सोच का प्रतिकार किसी भी तर्क से नहीं किया जा सकता। यह काम तो किसी दिन कोई मतदाता महासमूह ही गांव की चौपालों और शहरों के चौराहों पर राजनीतिकों से शपथ-पत्र भरवा कर करेगा कि उन्हें तभी वोट मिलेगा, जब वे एक व्यक्ति, एक पद और एक परिवार, एक टिकट का अपने जीवनकाल में पालन करेंगे। मेरे मुंगेरी-ख़्वाबों के एक-न-एक दिन पूरे होने की दुआ कीजिए।



# गुड सेमेरिटन में 04 लोगों को दी गई 05-05 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट।** 11 मार्च को बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल मदद कर अस्पताल पहुंचाने वाले 04 लोगों को गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत 05-05 हजार रुपये की राशि के चेक प्रदान किये गये। बैठक में नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डाबर, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अंजुल अयंक मिश्रा, बालाघाट एसडीएम श्री संदीप सिंह, जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गड़पाल, अन्य विभागों के अधिकारी, बस आनर्स एवं ट्रांसपोर्टर्स उपस्थित थे। बैठक में सबसे पहले गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्ति पत्रकार आशिष भगत, लालबर्रा के प्रियांश अग्रवाल, कटंगी के अंतु



ठाकुर एवं सुल्तान खान को 05-05 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक सांसद एवं कलेक्टर द्वारा प्रदान किये गये। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये गये। सड़कों के किनारे किये गये अतिक्रमण को हटाने एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर साईन बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिये गये। सरेखा बायपास के मरम्मत का कार्य करने एवं ट्रांसपोर्ट नगर के लिए गोंगलई में चिन्हित स्थल पर ले जाने पर चर्चा की गई।

बैठक में सांसद डॉ बिसेन ने कहा कि जिले में सड़क विकास प्राधिकरण की जिन सड़कों पर टोल लिया जा रहा है वहां पर टोल की दरों का बोर्ड लगाया जाये। भजियादंड-अमई मार्ग पर पिछले दिनों हुई दुर्घटना जैसी घटनाओं को रोकने चौराहों एवं रोड क्रासिंग पर किये गये अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाये। उन्होंने कहा कि 18 से कम आयु के बाईक से स्कूल आने वाले बच्चों के पालकों पर भी जुर्माना लगाया जाये। दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य किया जाये और इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाये। बैठक में बताया गया कि जिले में पिछले दो वर्षों की तुलना में वर्ष 2023 के दो माह में दुर्घटनाओं में कमी आई है।जनवरी एवं फरवरी 2023 में 123 सड़क दुघ्रटनाओं में 47 लोगों की मृत्यु हुई है और 91 घायल हुए है।



## जनपद अध्यक्ष ने अपने गृह गाँव में मनाया होली मिलन समारोह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** 11 मार्च को भिण्ड जनपद अध्यक्ष श्रीमती सरोज रामकृष्ण बघेल ने अपने गृह गाँव मे होली मिलन समारोह एवं संगीतमय फाग का आयोजन किया गया द्य जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद राम लखन कुशवाह गाँव महुअन का पुरा, काकहरा, लाल पुरा सगरा आदि गाँव के सम्मानीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम मे लोक संगीत मे ग्रामीणजन के द्वारा फाग, कजरी आदि मनमोहक गीत गाये गए द्य इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सरोज रामकृष्ण बघेल ने कहा की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं कला संगीत को भूलते जा रहे है इस प्रकार के कार्यक्रम होने से उनको अपने भारत देश की संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। अंत मे उन्होंने सभी का आभार व्यस्त किया।



## दृष्टि कम्प्यूटर एजुकेशन इन्सटि्यूट ने संपन्न कराई क्रिकेट प्रतियोगिता

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**



**लांजी।** लांजी नगर की शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था दृष्टि कम्प्यूटर एजुकेशन इन्सटि्यूट लांजी के द्वारा पीजीडीसीए एवं डीसीए के विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। संस्था के संचालक सचिन चावड़ा ने बताया की 11 मार्च को संस्था के पीजीडीसीए एवं डीसीए के करीब 77 छात्र छात्राओं की 7 टीमें तैयार की गई थी जिसमें छात्रों 5 टीमें जिनमें दृष्टि डेयरडेविल्स, दृष्टि टाईगर्स, दृष्टि पॉवर हिटर्स, दृष्टि डायन्मिक, दृष्टि लायन्स तथा छात्राओं की 2 टीम जिनमें दृष्टि क्विन्स, दृष्टि इलेवन के मध्य क्रिकेट मैच खेले गये। सभी मै 6-6 ओवरों के खेले गये एवं संस्था की ओर सभी भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को पारितोषित प्रदान किया गया, उक्त प्रतियोगिता को देखने के लिये लगभग 300 से अधिक दर्शक मैदान में उपस्थित होकर क्रिकेट प्रतियोगिता का आनंद लिया। सचिन चावड़ा ने कहा कि पढाई साथ साथ खेलकुद से बच्चो के मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है इस हेतु समय समय पर इस तरह के आयोजन किये जायेंगे।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत हर पात्र बहन को मिले राशिः प्रभारी मंत्री सिलावट

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योजना के तहत हर पात्र बहन को इसका लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने शनिवार को मुरार सर्किट हाउस में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिये ला?ली बहना योजना प्रारंभ की है। इस योजना के तहत शीघ्र ही फॉर्म भी भरे जायेंगे। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में योजना के लिये पात्र सभी बहनों को इसका लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रशासनिक तंत्र के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की दिशा में सार्थक प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की 39 प्राथमिकता वाली योजनाओं में कोई भी पात्र व्यक्ति परेशान नहीं होना चाहिए। उसे योजना का लाभ समय पर मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि आम जनों को घर के पास ही बेहतर इलाज मिले, इसके लिये संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ की गई। ग्वालियर में स्वीकृत सभी संजीवनी क्लीनिक शीघ्र अतिशीघ्र पूरी क्षमता के साथ अपना कार्य प्रारंभ करें, यह भी जिला प्रशासन सुनिश्चित करे। इसी प्रकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन प्राप्त करने के पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्ची मिले और समय पर राशन भी उपलब्ध हो, इसकी मॉनीटरिंग भी की जाए। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि ग्वालियर जिले में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के सहयोग से विकास यात्राओं के तहत अच्छा कार्य हुआ है, इसके लिये सभी बधाई के पात्र हैं। विकास यात्राओं में प्राप्त आवेदनों के तहत पात्र लोगों को उसका लाभ भी समय रहते मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए। जनप्रतिनिधि भी भ्रमण के दौरान नागरिकों से संवाद करें और योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल भी करें। प्रभारी मंत्री सिलावट ने जल जीवन मिशन की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में जितनी भी परियोजनायें स्वीकृत हुई हैं उनमें तेजी से कार्य प्रारंभ हो, इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में पाइप लाइन डालने के लिये जो सड़कें खोदी गई हैं उसके संधारण का कार्य भी शीघ्र पूर्ण किया जाए।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर के होली मिलन समारोह-गीत-संगीत रंग-गुलाल के साथ धूमधाम से मनाया होली पर्व

**सीहोर।** शनिवार को शहर के बस स्टैंड के समीप टाउन हाल में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के मार्गदर्शन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर एक दूसरे को रंगगुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विधायक सुदेश राय, त्यागी आश्रम की ओर से संत उद्धवदास महाराज आदि ने यहां पर मौजूद सफाई मित्रों और क्षेत्रवासियों गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह की शुरूआत की। इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी, नपा के कर्मचारी, समाजसेवी संगठन और पार्षद आदि मौजूद थे। होली मिलन समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने सुमधुर गीतों, भजनों एवं फाग की प्रस्तुतियां की गईं। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्री राठौर ने होली मिलन समारोह में शामिल क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली उमंग, उल्लास और आनंद का पर्व है। होली के पर्व पर ईश्वर से कामना है कि खुशियों के रंग प्रत्येक नागरिक की जिंदगी में बिखरे। होली का संबंध रंगों से है और रंग हमारी खुशियों के प्रतीक भी है। इस तरह होली पर हम एक-दूसरे को रंग लगाकर अपनी खुशियां जाहिर करते हैं। शहर में वर्षों पुरानी परंपरा का आज भी निर्वहन हो रहा है। धुलेंडी से लेकर रंग पंचमी तक पांचों दिन



होली खेली जाती है। पूरा शहर होली के रंगों से सराबोर रहता है। हम सभी होली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाए। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को रंगपंचमी की अग्रिम बधाई भी दी। इस मौके पर पंडित अजय पुरोहित, पंडित मोहितराम पाठक सहित अन्य मौजूद थे।

# राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने मेहगांव मैं बनाया होली मिलन समारोह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री एवं मेहगांव विधानसभा से विधायक ओ पी एस भदौरिया ने रंगो के त्योहार होली पर मेहगांव में होली मिलन समारोह ओम मैरिज गार्डन, जेल रोड़, मेहगांव मैं आयोजित किया गया जिसमें होली फाग का कार्यक्रम भी हुआ और कई होली की रंग रंग गीतों के साथ क्षेत्रीय जनता ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

होली मिलन समारोह में राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कियह त्योहार भी अन्य त्योहारों की तरह बुराई पर अच्छाई की जीत को दिखाता है। होली हमे मिल जुलकर रहने का सन्देश जागृत करता है शांति सद्भावना भाईचारा एवं एक दूसरे के प्रति मिल जुल कर रहने की प्रेरणा देता है रंग अमीर गुलाब फूलों की होली हमको यह दर्शाती है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बरसाने में राधा जी फूलों की होली खेली थी जिससे हमारा प्रेम अधिक बड़ा । उन्होंने कहा कि जगह, पार्क या मंदिर में जलाया जाता है। इस पर्व को इस दिन मनाने के पीछे कई कहानियाँ प्रचलित हैं ।भारत देश में हर त्योहार के साथ कोई कथा जुड़ी होती है। होली के त्योहार को मनाने के पीछे भी बहुत सी कथाएं जुड़ी हुई हैं। राजा हिरण्यकश्यप ने भगवान ब्रह्मा की तपस्या करके उन्हें प्रसन्न कर लिया और उनसे वरदान प्राप्त कर लिया कि कोई भी इंसान, पशु या हथियार उसे ना मार पाए। यह वरदान मिलने के बाद वह स्वयं को भगवान मानने लगा और अपनी प्रजा से कहने लगा कि विष्णु को छोड़कर उसकी पूजा की जाए।



परंतु हर अत्याचारी का अंत निश्चित है।हिरण्यकश्यप के अपने ही घर में पैदा हुआ बेटा प्रहलाद विष्णु का परम भक्त था। हिरण्यकश्यप के लाख समझाने के बावजूद भी प्रह्लाद ने विष्णु की पूजा करना नहीं छोड़ा। उससे परेशान होकर हिरण्यकश्यप ने एक षड्यंत्र रचा। हिरण्यकश्यप की एक बहन थी होलिका। जिसे अग्नि में ना जलने का वरदान प्राप्त था। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को होलिका की गोद में बिठाकर अग्नि में बिठा दिया। परंतु विष्णु भक्त प्रहलाद बच गया और होलिका भस्म हो गई। यह हमें बुराई पर अच्छाई की जीत को दिखाता है। उसके बाद से ही लकड़ियाँ जलाकर होलिका दहन किया जाता है. उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि इसकी शुरुआत राधा और कृष्ण के खेल से हुई। कृष्ण और ब्रज या (ब्रिज) गांव के कुछ लड़के बरसाना गांव की लड़कियों के साथ खेलने जाया करते थे। वे उन लड़कियों को किसी ना किसी तरीके से परेशान करते थे। कभी नहाते हुए उनके कपड़े चुरा लिया करते, कभी उन पर पत्थर फेंक कर उनकी मटकियाँ फोड़ देते थे। कभी-कभी तो उनके मुंह पर कीचड़ या गोबर भी लगा दिया करते थे। यही प्रथा आज भी चली आ रही है। राज्यमंत्री भदौरिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि कि मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में होली के भाईचारा शांति सद्भावना कर्तव्यनिष्ठा एक दूसरे के प्रति शांति के साथ होली का पर्व बनाते हुए प्रत्येक बूथ पर सर्व समाज के बीच भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने के लिए कार्य करें यही आप सभी के बीच होली का संदेश देने में आया हूं। होली फाग में मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्र के गायक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने अपनी टोली के साथ होली फाग के माध्यम से सभी को अपने मधुर गीतों के साथ समा बांध रखा वही राज्यमंत्री भदौरिया ने क्षेत्र से आए लोगों को गुलाल और अमीर लगाकर उन से गले मिले और उन्हें होली की शुभकामनाएं दी।



## सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर द्वारा प्राथमिक उपचार पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मालनपुर/भिण्ड । जिला चिकित्सालय भिण्ड एवं रेड क्रॉस सोसायटी भिण्ड के तत्वावधान में मालनपुर स्थित विश्व की प्रतिष्ठित लाइटिंग प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी सूर्या रोशनी लिमिटेड में कर्मचारियों के लाभार्थ प्राथमिक उपचार पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 30 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। भिण्ड के जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आलोक शर्मा, डॉक्टर सिद्धार्थ चौहान एवं राहुल सोनी ने कार्यशाला में सीपीआर देने की विधि एवं आकस्मिक की स्थिति में क्या-क्या सावधानियां बरतें ताकि मरीज की जान बचाई जा सके आदि विभिन्न विषयों पर कर्मचारियों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के प्रारंभ में सूर्या रोशनी के यूनिट हेड श्री तपन कुमार बंदोपाध्याय ने अतिथियों का उपस्थित कर्मचारियों से परिचय कराया। कार्यक्रम के अंत में सुरक्षा एवं पर्यावरण अधिकारी श्री राजेश पांडे द्वारा जिला चिकित्सालय भिण्ड एवं सभी उपस्थित कर्मचारियों का आभार प्रकट किया गया।



## हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा -2023 का उड़न दस्ते ने किया सघन चैकिंग

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट। जिले में संचालित हाईस्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा -2023 में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा स्तरीय उड़न दस्ते के प्रथम दल श्री ए.के.उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी तथा दूसरे निरीक्षण दल श्री गिरधारी नाईक सहायक संचालक एवं डॉ महेश शर्मा योजना अधिकारी एवं श्रीमती धुरपता मर्सकोले व्याख्याता, माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड मेंबर द्वारा जिला स्तरीय संवेदनशील एवं अन्य बोर्ड परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर चाक चौबंद व्यवस्था पायी गई है। कोई भी नकल प्रकरण नहीं पाया गया है। सभी केंद्रों के केंद्राध्यक्षों, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को परीक्षा कक्ष में ब्लैक बोर्ड पर परीक्षा से संबंधित जानकारी लिखने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी केंद्रों पर परीक्षा का संचालन संतोषप्रद पाया गया है।






## सार समाचार

### गुजरात-चेन्नई मैच के टिकट आज से उपलब्ध

**अहमदाबाद वार्ता।** अहमदाबाद में 31 मार्च को गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले जाने वाले टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के उदघाटन मैच के टिकटों की बिक्री शुक्रवार शाम छह बजे से शुरू हो गयी है। गत विजेता गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर सात मैच खेलेगी। गुजरात टाइटन्स ने टाटा आईपीएल 2023 के लिए आधिकारिक टिकट पार्टनर के रूप में पेटीएम के साथ करार किया है।

सभी घरेलू मैचों के टिकट 'टाइटन्स फेमिली' ऐप (प्लेस्टोर और ऐप स्टोर पर उपलब्ध) है। इसके अलावा गुजरात टाइटन्स की आधिकारिक वेबसाइट, पेटीएम और पेटीएम पर भी टिकटों की बिक्री की जा रही है। टिकटों की बिक्री और टिकट वाउचरों को भुनाने की सुविधा के लिए पूरे गुजरात में पिक-अप स्थान भी होंगे। इसके अलावा, ग्राहक मामूली कीमत पर अपने टिकट के लिए होम डिलीवरी सेवा का भी लाभ उठा सकते हैं। प्रशंसक अपने वाहनों (कार और दोपहिया वाहनों) के लिए पार्किंग की जगह भी बुक कर सकते हैं।

### निश्ना और अवनी ने कट हासिल किया

**सिंगापुर,भाषा।** भारतीय गोल्फर निश्ना पटेल ने पहले नौ होल में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद संयम जारी रखा जिससे वह बैक नाइन पर बोगी फ्री तीन अंडर का कार्ड खेलकर शुक्रवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक (डब्ल्यूएएपी) चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में शीर्ष 15 में पहुंच गयीं। तीसरी बार डब्ल्यूएएपी में खेल रही निश्ना ने पिछले साल भी कट हासिल किया था, उन्होंने इवन पार 72 का कार्ड खेला। पहले दौर में 71 के कार्ड से उनका कुल स्कोर एक अंडर 141 रह जिससे वह संयुक्त 13वें स्थान पर काबिज सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। क्वीन सिरिकिट कप की चैम्पियन अवनी प्रशांत भी कट में जगह बनाने में सफल रहीं। वह इवन पार 144 के कुल स्कोर से संयुक्त 19वें स्थान पर चल रही हैं। वहीं अन्य चार भारतीय कट में जगह बनाने से चूक गयीं जिसमें मन्नत बरार, अनिका वर्मा, लावण्या जादोन और विधात्री उर्स शामिल रहीं।

### स्नेहा ने दो शॉट की बढ़त हासिल की

**गुरूग्राम,भाषा।** स्नेहा सिंह ने शुक्रवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण के दूसरे दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त हासिल की। अब स्नेहा का 36 होल में कुल स्कोर पांच अंडर 139 का है। वह इस सत्र के तीसरे चरण में खिताब जीत चुकी हैं। गौरिका बिश्नोई ने 71 का कार्ड खेला जिससे वह दूसरे दिन यह कार्ड खेलने वाली चार खिलाड़ियों में से एक रहीं। पहले दिन गौरिका ने 70 का कार्ड खेला था और अब उनका कुल स्कोर तीन अंडर 141 का है। जेस्मीन शेखर (71) ने 72 का कार्ड बनाया और अब एक अंडर 143 के कुल स्कोर से वह तीसरे स्थान पर चल रही हैं।

# ख्वाजा और ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया को 480 रन तक पहुंचाया

**भारत ने इसके बाद सतर्क शुरुआत करते हुए 10 ओवर में बिना विकेट खोए 36 रन बनाए।**

**अहमदाबाद** ■ भाषा/डेस्क

उस्मान ख्वाजा दोहरे शतक से चूक गए लेकिन पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले केमरन ग्रीन के साथ उनकी 208 रन की साझेदारी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ चौथे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 480 रन बनाए। भारत ने इसके बाद सतर्क शुरुआत करते हुए 10 ओवर में बिना विकेट खोए 36 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर शुभमन गिल 18 रन जबकि कप्तान रोहित शर्मा 17 रन बनाकर खेल रहे थे।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 480 रन से 444 रन पीछे है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। मैच में भारत की संभावनाओं के लिहाज से कल तीसरा दिन काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। इससे पहले ख्वाजा ने 422 गेंद में 21 चौकों की मदद से 180 रन की पारी खेली। उन्होंने अंगुली की सर्जरी के कारण पहले दो टेस्ट में नहीं खेलने वाले ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 208 रन जोड़े जिन्होंने 170 गेंद में 18 चौकों से 114 रन बनाए।

टॉड मर्फी (41) और नाथन लियोन (34) ने नौवें विकेट के लिए 70 रन जोड़कर भारत की मुसीबत बढ़ाई। मर्फी का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह शीर्ष स्कोर है।

भारत की ओर से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (91 रन पर छह विकेट) ने करियर में 32वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। मोहम्मद शमी ने 134 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उमेश यादव ने निराश किया। उन्होंने 25 ओवर में 105 रन खर्च किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। रविंद्र जडेजा (89 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (47 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। भारतीय गेंदबाजों के दिन के पहले सत्र में विकेट चटकाने में नाकाम रहने के बाद अश्विन ने दूसरे सत्र में तीन




और तीसरे सत्र में दो विकेट चटकाकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया की टीम 62 रन ही बना सकी और उसने इस बीच तीन विकेट गंवाए। ग्रीन ने जडेजा की गेंद को कवर प्वाइंट से चार रन के लिए भेजकर 143 गेंद में करियर का पहला अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। ग्रीन हालांकि शतक पूरा करने के बाद अश्विन की लेग साइड से बाहर जाती गेंद को खेलने की कोशिश में विकेटकीपर श्रीकर भरत को कैच दे बैठे।

लगभग 60 ओवर तक पैड बांधकर अपनी पारी का इंतजार कर रहे एलेक्स केरी (00) अश्विन के इसी ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड मैन पर अक्षर पटेल के हाथों लपके गए। मिशेल स्टार्क भी छह रन बनाने के बाद अश्विन की गेंद पर श्रेयस अय्यर को कैच देकर पवेलियन लौटे। ख्वाजा और लियोन ने हालांकि चाय तक टीम को और झटके नहीं लगने दिए। चाय के बाद पहली ही गेंद पर अक्षर ने ख्वाजा को पगबाधा करके उनका पहला दोहरा शतक जड़ने का सपना तोड़ दिया। मैदानी अंपायर ने ख्वाजा को नॉटआउट करार दिया था लेकिन डीआरएस का सहारा लेने पर दिखा कि गेंद विकेटों से टकरा रही थी और अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। ख्वाजा की यह पारी ऑस्ट्रेलिया के किसी बल्लेबाजी की भारत में तीसरी सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत पारी है। भारतीय गेंदबाजों को अंतिम दो विकेट जल्दी चटकाने की उम्मीद थी लेकिन लियोन और मर्फी ने उन्हें हताश किया।

दोनों 19 ओवर से अधिक समय तक क्रीज पर डटे रहे। भारत ने तीसरी नई गेंद ली तो लियोन ने शमी के ओवर में तीन चौके मारे। अश्विन ने अंततः मर्फी को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा और पारी का अपना पांचवां विकेट हासिल किया। उन्होंने अपने अगले ओवर में लियोन को स्लिप में विराट कोहली के हाथों कैच कराके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया।

# गेंदबाजों ने श्रीलंका को मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**क्राइस्टचर्च** ■ एपी/डेस्क

सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (67) के अर्धशतक के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 162 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में है। श्रीलंका ने पहली पारी में 355 रन बनाए थे जिससे न्यूजीलैंड की टीम अब भी 193 रन पीछे है। दिन का खेल खत्म होने पर डेरिल मिशेल 40 जबकि माइकल ब्रेसवेल नौ रन बनाकर खेल रहे थे।




बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी उम्मीद पर खरा उतरते हुए अपनी टीम का पलड़ा भारी रखा। मेहमान टीम के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की तुलना में गेंद को अधिक मूव कराया जिससे मेजबान टीम के बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई। न्यूजीलैंड को लेथम और डेवोन कॉनवे (30) ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। असिता फर्नांडो (42 रन पर दो विकेट) ने कॉनवे को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा।

पिछली पारी में शतक जड़ने वाले केन विलियमसन सिर्फ एक रन बनाने के बाद लाहिरू कुमारा (34 रन पर दो विकेट) की गेंद पर दिमुथ करूणारत्ने को कैच दे बैठे। कुमारा ने इसके बाद हेनरी निकोल्स (02) को कासुन रजिता के हाथों कैच कराके न्यूजीलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 76 रन किया। लेथम और मिशेल ने इसके बाद पारी को संवारा। लेथम ने 122 गेंद में अपने करियर का 27वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने मिशेल के साथ चौथे विकेट के लिए 58 रन जोड़े।

असिता ने लेथम को यॉर्कर पर बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। लेथम ने 144 गेंद की अपनी पारी में सात चौके मारे। रजिता ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल (07) को आउट करके न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। इससे पहले कप्तान टिम साउथी (64 रन पर पांच विकेट) और मैट हेनरी (80 रन पर चार विकेट) ने मिलकर नौ विकेट चटकाते हुए श्रीलंका की पहली पारी को 355 रन पर समेटा। साउथी ने असिता फर्नांडो (10) को आउट करके श्रीलंका की पारी का अंत किया।

उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 305 रन से की। धनंजय डिसिल्वा (46) ने दिन के पहले ओवर में ब्लेयर टिकनर पर चौका जड़ा लेकिन अगले ओवर में साउथी की गेंद पर ब्लंडेल को कैच दे बैठे।

न्यूजीलैंड ने जब दूसरी नई गेंद ली तो हेनरी ने कासुन रजिता (22) और प्रबाथ जयसूर्या (13) की पारी का अंत किया। लाहिरू कुमारा (13) और असिता (10) की जोड़ी ने अंतिम विकेट के लिए 19 रन जोड़े जिसके बाद साउथी ने श्रीलंका की पारी का अंत किया।

# एंडी मरे बीएनपी परिबास ओपन के दूसरे दौर में

**इंडियन वेल्स** ■ एपी/डेस्क

तीन बार के ग्रैंडस्लेम विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टॉमस मार्टिन एचवेरी को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। मरे ने तीन घंटे से अधिक चले पहले दौर के मुकाबले में एचवेरी को 6-7, 6-1, 6-4 से हराया। मरे ने मौजूदा सत्र में निर्णायक तीसरे या पांचवें सेट में पहुंचे किसी मुकाबले को नहीं गंवाया है।

मरे ने 2023 में तीसरे सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ थ्री सेट के अपने पांचों जबकि पांचवें सेट में पहुंचने पर बेस्ट ऑफ फाइव सेट के दोनों मुकाबले जीते हैं। तीन ग्रैंडस्लेम खिताब जीतने वाले स्टेन वावरिंका ने भी कैलिफोर्निया में हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता में वापसी करते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में क्वालीफायर एलेक्सांद्र वुकिच को 6-4, 1-6, 6-1 से हराया।



वावरिंका अगले दौर में 26वें वरीय मियोमिर केसमानोविच से भिड़ेंगे। बेन शेल्टन ने फाबियो फोगनिनी को 6-4, 6-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला वर्ग में 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन ऐमा राडुकानु ने डेंका कोविनिच को 6-2, 6-3 से हराया जबकि 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन उप विजेता डेनियली कोलिन्स को 80वें नंबर की डेलमा गाल्फी ने 6-4, 6-4 से शिकस्त दी।

## खेल सुर्खिया

# गेंदबाजी में विविधता का फायदा उठा रही है मुंबई इंडियन्सः वोंग

**मुंबई** ■ भाषा/डेस्क

मुंबई इंडियन्स के महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद टीम की तेज गेंदबाज इसी वोंग ने संकेत दिए कि गेंदबाजी आक्रमण में विविधता ने टूर्नामेंट में टीम को मजबूती प्रदान की है। मुंबई इंडियन्स के प्रदर्शन में वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज की अहम भूमिका रही है। उन्होंने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ 47 रन की पारी के साथ शुरुआत की और फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 77 रन बनाए।



गुरुवार को मैथ्यूज ने 19 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा 32 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच ओवर शेष रहते दिल्ली केपिटल्स को आठ विकेट से हराया। वॉग ने भी गुरुवार को दिल्ली के खिलाफ तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कहा,हमारे गेंदबाजी आक्रमण में काफी विविधता है। हमारे पास बाएं हाथ की स्पिनर, ऑफ स्पिनर, लेग स्पिनर हैं। हमारे पास तेज गेंदबाजी में भी विविधता है। वॉग ने कहा,हमने सभी विभागों को ध्यान में रखा है।

इससे हमें लचीलापन अपनाने का मौका मिलता है। हरमनप्रीत (कौर) ने शानदार काम किया है। हेली और हरमन ने आरसीबी के खिलाफ हमें सही समय पर वापसी दिलाई और हम अपने गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के कारण ऐसा कर पाए। वॉग ने कहा कि मुंबई इंडियन्स की टीम इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी।

दिल्ली केपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बेटी ने कहा कि 20 से कुछ अधिक रन पर सात विकेट गंवाना उनकी टीम के मैच हारने का कारण था।

उन्होंने कहा,पूरा श्रेय मुंबई इंडियंस को जाता है जिन्होंने नई गेंद से काफी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने हमें पावरप्ले में खुलकर नहीं खेलने दिया। बेटी ने कहा,हम 12 ओवर के बाद तीन विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी तरह उबर रहे थे लेकिन फिर हमने 24 रन पर सात विकेट खो दिए और केवल 18 ओवर बल्लेबाजी की। दो ओवर नहीं खेल पाने का नुकसान हुआ।

### चिक्कारंगप्पा और कार्तिक संयुक्त 13वें स्थान पर

**हुआ हिन,भाषा।** एशियाई डेवलपमेंट टूर पर दो बार के विजेता एस चिक्कारंगप्पा और कार्तिक शर्मा पहले दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से यहां 20 लाख डॉलर इनामी अंतरराष्ट्रीय सीरीज थाईलेंड गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर हैं। अन्य भारतीयों में गगनजीत भुल्लर और करणदीप कोचर तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त 42वें जबकि वीर अहलावत और ज्योति रंधावा दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त 63वें स्थान पर चल रहे हैं। जिन भारतीय खिलाड़ियों पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है उनमें अनुभवी जीव मिल्खा सिंह (73), दिल्ली के युवा गोल्फर हनी बेसोया (73), एसएसपी चोरसिया (74), विराज मादप्पा (75), खलिन जोशी (76) और राशिद खान (78) शामिल हैं। फिलीपीन्स के मिगुएल तावुएना और डॉज केमर आठ अंडर 64 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं।

### आईपीएलः मैथ्यू हेडन ने कहा, धोनी की विदाई खास तरह से होगी

**नई दिल्ली,आईएएनएस।** आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर-बल्लेबाज एमएस धोनी की विदाई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीजन में खास होगी। आईपीएल 2023 के होम और अवे प्रारूप में वापस आने के साथ, यह चेन्नई सुपर किंग्स को इस साल एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपने घरेलू मैच खेलने का मौका देगा, जो आईपीएल में एक खिलाड़ी के रूप में धोनी का अंतिम अभियान हो सकता है। उन्होंने कहा, 2023 में कोविड के बाद पहली बार आईपीएल में होम अवे मैच होंगे। यह उल्लेखनीय होने जा रहा है। चेपॉक स्टेडियम में सीएसके खिलाड़ी अपने प्रशंसकों के सामने बेहतर करने जा रहे हैं। वे वही टीम बनने जा रहे हैं जिसे घर में भी हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा, चेपॉक में घर पर उनका रिकॉर्ड निश्चित रूप से आईपीएल में सबसे अच्छा है। वह स्थान एक किला है। और वे एमएस धोनी को अपने कप्तान के रूप में रखने जा रहे हैं, यकीनन आखिरी बार और यह उन पलों में से एक होगा जो कोई भी नहीं भूलने वाला होगा।

# हॉकी इंडिया' का गीदड़ पट्टा भी काम नहीं आया

■ राजेंद्र सजवान

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित बीबीसी के एक कार्यक्रम के चलते स्वीकार किया कि भारतीय हॉकी में बहुत से सुधारों की ज़रूरत है। उन्होंने माना कि अपनी मेजबानी में आयोजित वर्ल्ड कप में हमारे खिलाडी स्तरीय नज़र नहीं आए। कमी कहाँ रही, इस बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में प्रशंसनीय प्रदर्शन दिखाई नहीं दिया। पूर्व ओलम्पियन और रक्षा पंक्ति के शानदार खिलाड़ी ने बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि बड़े बदलाव की जरुरत है, क्योंकि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जिसमें हमारे खिलाडी मज़बूती के साथ उभरकर सामने आए हों।

उन्होंनेछोटी आयु वर्ग के खिलाडियों पर ख़ास ध्यान देने पर जोर दिया और घोषणा कर दी है कि आयुवर्ग के आयोजन उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं। 16 और 19 साल तक के खिलाडियों के जोनल टूर्नामेंट आयोजित करने की रुपरेखा को कार्यरूप दिया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि दिलीप को हॉकी के साथ साथ अच्छी खासी प्रशासनिक समझ भी है। उनके मार्गदर्शन से




ही ओडिशा हॉकी का गढ़ बना है। लेकिन उन्हें यह याद रखना होगा कि जब तक हॉकी का देश भर में प्रचार प्रसार नहीं होगा खेल का स्तर और परिणामों पर सकारात्कम प्रभाव मुश्किल है।

ग्रास रुट से हॉकी का प्रचार प्रसार जरूरी है लेकिन जरुरत इस बात की भी है कि आयुवर्ग की धोखाधड़ी से गंभीरता से निपटा जाए। देश में हॉकी या किसी भी खेल का विकास तब तक संभव नहीं जब तक खिलाडियों की उम्र के फर्ज़ीवाड़े पर रोक नहीं लगाई जाती। दूसरा बड़ा सुधार यह हो सकता है कि टीम पर बोझ बने खिलाडियों को निकाल बाहर किया जाए। बेशक, वरिष्ठ खिलाडियों को सम्मान दिया जाए लेकिन जब वे कोच और सपोर्ट स्टाफ के सगे बन जाते हैं तो अपनी शर्तों पर मौज़ करते हैं।

ऐसे खिलाडी टीम का अनुशासन बिगाड़ते आ रहे हैं। एक और बड़ी समस्या यह है कि भारतीय हॉकी के ठेकेदारों ने हॉकी को चंद प्रदेशों और शहरों तक बाँध कर रख दिया है। दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हरियाणा और कई अन्य हॉकी प्रदेश सूने पड़े हैं। हॉकी के गढ़ एक एक कर ध्वस्त हो रहे हैं और बेरोजगार खिलाडियों की कतार लम्बी होती जा रही है।

कुछ जानकार मानते हैं कि जबसे भारतीय हॉकी ने हॉकी इंडिया का गीदड़ पट्टा धारण किया है देश की राजधानी का शिवाजी स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और अन्य राज्यों के बड़े स्टेडियम और प्रमुख आयोजन ठप्प पड़े हैं। जो ओलम्पियन और स्टार खिलाडी हॉकी प्रेमियों के बीच सुकून पाते थे, उन्हें ओडिशा और बंगलोर में कैद कर लिया जाता है या विदेश दौरों पर व्यस्त रहते हैं। करोड़ों खर्च होते हैं लेकिन नतीजा वही ज़ीरो के आस पास। बेहतर होगा खिलाडियों को देश की खुली हवा में सांस लेने के मौके दिए जाएं।



## करियर पर फोकस करना चाहती हैं शुभांगी अत्रे

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने शादी के 19 साल बाद अपने पति पीयूष पूरे से अलग होने की घोषणा के बाद जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है। अभिनेत्री ने कहा कि वह अब अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हैं, उन्होंने कहा कि तलाक या अपने पति के साथ मतभेदों पर चर्चा करने के बजाय बात करने के लिए कई अन्य सकारात्मक बातें हैं। अपने खराब रिश्ते के बारे में बात करते हुए, 'भाबीजी घर पर हैं' की अभिनेत्री ने कहा कि यह आगे बढ़ने और ध्यान केंद्रित करने का समय है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुभांगी और पीयूष करीब एक साल से अलग रह रहे थे और उनके बीच मतभेद दूर नहीं हो रहे थे। शुभांगी ने 2003 में इंदौर में पीयूष से शादी की और उनकी एक बेटी है। अपने रिश्ते को बचाने की काफी कोशिशों के बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया। अपने आगे के जीवन की योजना कैसे बना रही हैं, इस बारे में शुभांगी ने आईएएनएस से कहा, मैं अब अपने निजी जीवन के बारे में बात नहीं करना चाहती। मैं बहुत निजी व्यक्ति हूं और मैं अपने करियर पर ध्यान देना चाहती हूं। जिंदगी चलती रहती है। आगे बढ़ना पसंद करती हूं। शुभांगी ने यह भी साफ किया कि वह नहीं चाहतीं कि उनकी बेटी अपने पिता से दूर रहे, जिनसे वह वीकेंड पर मिलेंगी।



## जया प्रदा को याद आए शूटिंग के पल

दिग्गज एक्ट्रेस और राजनेता जया प्रदा ने सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 13' के सेट पर 1979 में आई फिल्म 'सरगम' के गाने 'पर्वत के उस पार' की शूटिंग को याद किया। 'रीना जी और जया जी स्पेशल' एपिसोड के हिस्से के रूप में, जया एक सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शो में आईं। वह ऋषि कपूर अभिनीत 'सरगम' के 'पर्वत के उस पार' जैसे अपने कुछ लोकप्रिय ट्रेक पर देबोस्मिता रॉय की खूबसूरत आवाज सुनकर दंग रह गईं। उन्होंने इस फिल्म के साथ अपनी हिंदी फिल्म की शुरूआत की, जो तेलुगु फिल्म 'सिरी सिरी मुव्वा' की रीमेक थी, जिसमें जया भी थीं। यह फिल्म पर्दे पर सफल रही। जया ने देबोस्मिता की सराहना की और कहा: आपने सारा माहौल बदल दिया है। आपने मुझे हमारे पुराने दिनों में वापस ला दिया है। मैं उन खूबसूरत पलों को फिर से जी रही हूं, जो मैंने गाने को फिल्माते समय कभी गुजारे थे। जया को तेलुगु और हिंदी सिनेमा में काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 'सरगम', 'ऊरीकी मोनागडू', 'कामचोर', 'कविरत्न कालिदास', 'सागर संगमम', 'तोहफा', 'शराबी', 'मकसद', 'संजोग', 'आखिरी रास्ता', 'आज का अर्जुन' सहित कई फिल्मों में काम किया है। विशाल ददलानी, नेहा कक्कड़ और हिमेश रेशमिया द्वारा जज किए गए 'इंडियन आइडल 13' का प्रसारण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होता है।

## राजकुमार राव और भूमि की फिल्म भीड़ का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म भीड़ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। निर्देशक अनुभव सिन्हा की आने वाली फिल्म भीड़ में राजकुमार राव और भूमि पेडनकर की मुख्य भूकिका है। भीड़ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अनुभव सिन्हा ने कहा, भीड़ एक बहुत ही खास फिल्म है, यह एक ऐसी कहानी है जिसे ईमानदारी और करुणा के साथ बताया जाना चाहिए।

फिल्म को ब्लेक एंड व्हाइट में शूट किया गया है क्योंकि मैं उस समय अपने देश की नब्ज पकड़ना चाहता था जब हम लॉकडाउन में बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहे थे। जब हम विभिन्न मुद्दों से जूझ रहे थे, हमारे समाज का एक वर्ग था जो उपेक्षित था और हमारे लिए अदृश्य था। भीड उनकी कहानी को प्रकाश में लाने की कोशिश कर रहे हैं और उन्हें एक ऐसे समाज के सामने लाने की कोशिश कर रहे हैं जो उन्हें भूल चुका है। राजकुमार राव ने कहा, भीड़ एक ऐसी फिल्म है जो 2020 के भारत लॉकडाउन के सार और देश और दुनिया भर में लाखों लोगों के संघर्षों का सामना करती है।



यह उम्मीद और लचीलेपन प्रतिकूलता धृढ़ता की कहानी है। मैं इस तरह की शक्तिशाली परियोजना का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं और दर्शकों को इस अनूठी सिनेमाई यात्रा का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। 'भीड' पर काम करना मेरे लिए एक गहरा भावनात्मक अनुभव था। अनुभव सिन्हा वास्तविक जीवन की कहानियां कहने में माहिर हैं और यह फिल्म अलग नहीं है। यह एक महत्वपूर्ण कहानी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, भीड़ एक ऐसी कहानी है जिसे बताने की जरूरत है, और यह एक सम्मान की बात है कि मैं इस तरह के स्टार कास्ट के साथ काम करने में सक्षम हूं। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं। इस फिल्म का और यह हमेशा मेरे लिए बहुत खास होने वाला है।

इस महत्वपूर्ण कहानी को जीवंत करने के लिए अनुभव सिन्हा के साथ काम करना एक अविश्वसनीय अनुभव था, और मैं इसे देखने के लिए दर्शकों का इंतजार नहीं कर सकती। फिल्म भीड़ में राजकुमार राव, पंकज कपूर, भूमि पेडनेकर, आशुतोष राणा, दीया मिर्जा, वीरेंद्र सक्सेना, आदित्य श्रीवास्तव, कृतिका कामरा और करण पंडित की अहम भूमिका है। अनुभव सिन्हा की बनारस मीडियावर्क्स द्वारा निर्मित, 'भीड़' 24 मार्च 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फैंटेसी ड्रामा 'बालवीर 3' में नजर आएंगी अदिति



एक्ट्रेस अदिति सनवाल 'बालवीर' के नए सीजन में देव जोशी के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। फंतासी ड्रामा के रूप में 'बालवीर' अपने तीसरे सीजन के साथ जल्द ऑनएयर होने वाला है। देव मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे और अदिति काशवी एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाएंगी, जो अपने माता-पिता से बहुत प्यार करती है। उसके माता-पिता एक दूसरे से दूर रहते हैं।

शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि वह थोड़ी नर्वस और उत्साहित भी है: 'बालवीर' टीवी पर सबसे पसंदीदा सुपरहीरो फ्रेंचाइजी में से एक है और शो के लिए फैनडम अविश्वसनीय है। हालांकि मैं कलाकारों के साथ जुड़कर बेहद खुश हूं, साथ ही मैं थोड़ा नर्वस भी हूं। पेशे से डॉक्टर अदिति ने 'कसौटी जिंदगी की', 'चंद्रगुप्त मौर्य', 'वागले की दुनिया' सहित कई टीवी शो में काम किया है और जॉन अब्राहम-स्टारर 'सत्यमेव जयते' में भी काम किया है। अब, एक्ट्रेस अगली बार 'बालवीर 3' में दिखाई देंगी और उन्होंने अपने किरदार के बारे में जानकारी देते हुए कहा: बालवीर के जीवन में मेरे किरदार काशवी की उपस्थिति एक दोस्त, कॉमरेड और समर्थक की है और वह उसकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनका बॉन्ड काफी खास होने वाला है। 'बाल वीर' का पहला सीजन अक्टूबर 2012 में प्रसारित किया गया था जिसमें देव जोशी ने मुख्य भूमिका निभाई थी और यह नवंबर 2016 में समाप्त हो गया था। इसके बाद सितंबर 2019 से अप्रेल 2021 तक देव के साथ एक और सीजन 'बालवीर रिटर्न्स' आया। तीसरे सीजन में, बालवीर को मुंबई के एक साधारण लड़के के रूप में दिखाया जाएगा, जो उसकी शक्ति और इस सच्चाई से अनजान है कि वह एक सुपर हीरो है। उसके दुश्मनों ने उसकी शक्ति ले ली है और यहां तक कि वह अपनी याददाश्त खो चुका है, इस अवधि के दौरान वह काशवी से मिलता है और उसे एक दुर्घटना से बचाता है। कहानी बालवीर को एक सुपर हीरो के रूप में अपनी शक्तियों का एहसास कराने और कैसे काशवी उसके जीवन का एक अभिन्न अंग बन जाती है, के बारे में है।



## पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे सुनील शेट्टी

बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी आगामी वेब सीरीज 'हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा' में पुलिस एसीपी विक्रम सिन्हा की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसमें ईशा देओल, राहुल देव, बरखा बिष्ट, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा भी हैं। एक्शन के लिए ही वह वेब सीरीज में भूमिका के प्रति आकर्षित हुए और इसके लिए 'हां' कहा।

अपनी एक्शन भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता ने अपनी आने वाली वेब सीरीज और उसमें किस तरह का किरदार निभाने जा रहे हैं, के बारे में बात करते हुए कहा: एक शैली के रूप में एक्शन एक ऐसी चीज है जिसके लिए मैं हमेशा से जुनूनी रहा हूं और 'हंटर टूटेगा नहीं, तोड़ेगा' मुझे उस जुनून को फिर से जीने में मदद कर रहा है। 61 वर्षीय अभिनेता ने 1992 में 31 साल की उम्र में 'बलवान' से बॉलीवुड में अपना करियर शुरू किया और बाद में 'वक्त हमारा है', 'पहचान', 'दिलवाले', 'अंथ', 'मोहरा', 'गोपी किशन', 'हम हैं बेमिसाल', 'सुरक्षा', 'रघुवीर', 'टक्कर', 'कृष्णा', 'सपूत', 'रक्षक', 'बॉर्डर' जैसी बहुत सी फिल्मों का हिस्सा बने। एक्शन को सुनील अक्सर पसंद करते हैं और उन्हें इस तरह की भूमिकाएं निभाने का शौक है, उन्होंने इसिलिए इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने और एसीपी विक्रम सिन्हा का किरदार निभाने के लिए हामी भरी। वह अपने चरित्र के बारे में जानकारी देते हुए कहते हैं- फिर से। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो वास्तव में एक टीम प्रयास रहा है। मैं शुरू से ही एसीपी विक्रम सिन्हा के चरित्र से जुड़ा हुआ था। वह 'वन मैन आर्मी' हैं जिनके बारे में हमने अक्सर सुना है।

8-भाग की एपिसोडिक सीरीज यूडली फिल्म्स द्वारा निर्मित है - सारेगामा इंडिया लिमिटेड का फिल्म प्रभाग और प्रिंस धीमान और आलोक बत्रा द्वारा निर्देशित है। यह 22 मार्च से अमेजन मिनी टीवी पर प्रीमियर के लिए तैयार है।



## अमेरिका रवाना हुईं दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, जो इस साल ऑस्कर में सेलिब्रिटी प्रेजेंटर्स होंगी, बड़े इवेंट के लिए अमेरिका के लिए रवाना हो गई हैं। दीपिका को ऑस्कर 2023 अवॉर्ड्स के लिए निकलते हुए एयरपोर्ट पर देखा गया। उनके पति और एक्टर रणवीर सिंह उन्हें एयरपोर्ट पर ड्रॉप करने पहुंचे। सेलेब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में दीपिका डेनिम और ब्लैक ब्लेजर में अपनी कार से उतरते हुए दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस 12 मार्च को ऑस्कर समारोह के लिए लॉस एंजिल्स में एमिली ब्लंट, सैमुअल जेक्सन और ड्वेन जॉनसन जैसे ग्लोबल स्टार्स के साथ शामिल होंगी। दीपिका ने इंस्टाग्राम के जरिए प्रेजेंटर्स की लिस्ट में अपने नाम की घोषणा की थी। उन्होंने 95वें ऑस्कर में प्रेजेंटर्स की एक लिस्ट साझा की, जिसमें उनका नाम सैमुअल जैक्सन, ड्वेन जॉनसन और रिज अहमद जैसे सितारों के साथ शामिल है।




## दुबई में दीप के साथ परफॉर्म करेंगे बादशाह

'जुगनू', 'कर गई चुल', 'डीजे वाले बाबू' और कई अन्य चार्टबस्टर गानों के लिए पहचाने जाने वाले रैपर बादशाह दुबई में मंच पर लाइव परफॉर्म के लिए तैयार हैं। बादशाह 12 मार्च को 'डे टू नाइट पार्टी' के लिए दीप मनी के साथ परफॉर्म करेंगे। वह दुबई में जीरो ग्रेविटी बीच क्लब में 'काला चश्मा', 'लेट्स नाचो', 'अख लड़ जावे', 'डीजे वाले बाबू', 'गर्मी' जैसे गाने परफॉर्म करेंगे। बादशाह ने उसी के बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने अपने यूएई (दुबई) दर्शकों के लिए पहले भी परफॉर्म किया है और वे हमेशा मेरे लिए जेनरस रहे हैं। उनके लिए परफॉर्म करने के लिए मुझे जिस तरह का आनंद मिलती है, वह बिल्कुल बेमिसाल है। बादशाह ने आगे कहा, मैं वास्तव में परफॉर्म करने और अपने प्रदर्शन के माध्यम से अपने दर्शकों के जीवन में रंग लाने और उन्हें इस होली के सीजन में एक तरह का अनुभव देने के लिए उत्सुक हूं।

# होली हमें मिल जुलकर रहने का सन्देश देता है : डॉ गोविंद सिंह

पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे

**कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कार्यकर्ताओं से कहा की होली की एकता का संदेश लेकर कांग्रेस को प्रत्येक बूथ पर करें मजबूत और कांग्रेस की सरकार बनाये**









लहार / भिण्ड । होली के अवसर पर फाग का जगह जगह कार्यक्रम भी हुए और कई होली की रंग रंग गीतों के साथ क्षेत्रीय जनता ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। होली के पावन पर्व पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि यह त्योहार भी अन्य त्योहारों की तरह बुराई पर अच्छाई की जीत को सिखाता है। होली हमे मिल जुलकर रहने का सन्देश देती है। शांति सद्भावना भाईचारा एवं एक दूसरे के प्रति मिल जुल कर रहने की प्रेरणा देता है रंग अमीर गुलाब फूलों की होली हमको यह दर्शाती है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बरसाने में राधा जी फूलों की होली खेली थी जिससे हमारा प्रेम अधिक बड़ा । इस पर्व को इस दिन मनाने के पीछे कई कहानियाँ प्रचलित हैं ।भारत देश में हर त्योहार के साथ कोई कथा जुड़ी होती है। होली के त्योहार को मनाने के पीछे भी बहुत सी कथाएं जुड़ी हुई हैं। राजा हिरण्यकश्यप ने भगवान ब्रह्मा की तपस्या करके उन्हें प्रसन्न कर लिया और उनसे वरदान प्राप्त कर लिया कि कोई भी इंसान, पशु या हथियार उसे ना मार पाए। यह वरदान मिलने के बाद वह स्वयं को भगवान मानने लगा और अपनी प्रजा से कहने लगा कि विष्णु को छोड़कर उसकी पूजा की जाए। परंतु हर अत्याचारी का अंत निश्चित है। हिरण्यकश्यप के अपने ही घर में पैदा हुआ बेटा प्रहलाद विष्णु का परम भक्त था। हिरण्यकश्यप के लाख समझाने के बावजूद भी प्रह्लाद ने विष्णु की पूजा करना नहीं छोड़ा। उससे परेशान होकर हिरण्यकश्यप ने एक षड्यंत्र रचा। हिरण्यकश्यप की एक बहन थी होलिका। जिसे अग्नि में ना जलने का वरदान प्राप्त था। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को होलिका की गोद में बिठाकर अग्नि में बिठा दिया। परंतु विष्णु भक्त प्रहलाद बच गया और होलिका भस्म हो गई। यह हमें बुराई पर अच्छाई की जीत को दिखाता है। उसके बाद से ही लक?ियाँ जलाकर होलिका दहन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि इसकी शुरुआत राधा और कृष्ण के खेल से हुई । जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में होली के भाईचारा शांति सद्भावना कर्तव्यनिष्ठा एक दूसरे के प्रति शांति के साथ होली का पर्व बनाते हुए प्रत्येक बूथ पर सर्व समाज के बीच कांग्रेस के लिए कार्य करें यही आप सभी के बीच होली का संदेश देने में आया हूं। होली फाग में विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण क्षेत्र के गायक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने अपनी टोली के साथ होली फाग के माध्यम से सभी को अपने मधुर गीतों के साथ समा बांध रखा वही विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने क्षेत्र से आए लोगों को गुलाल और अमीर लगाकर उन से गले मिले और उन्हें होली की शुभकामनाएं दी।

## नफरत फैलाने का काम कर रही है भाजपा सरकारः डा. सिकरवार



**ग्वालियर।** सार्वजनिक सस्थानों को निवेश के लिये मजबूर करने और बढती महंगाई के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में कर कांग्रेसियों ने पांच स्थानों पर धरना दिया। शनिवार सुबह 10 बजे से बैंक ऑफ इंडिया गोला का मंदिर, एल.आई.सी. ऑफिस बारादरी मुरार, भारतीय स्टेट बैंक मयूर मार्केट थाठीपुर, एल.आई.सी. ऑफिस सिटी सेन्टर, भारतीय स्टेट बैंक मराठा बोर्डिंग इन्द्रगंज शाखा पर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि देश में अराजकता का माहौल है और नफरत फैलाने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी देश में भाईचारा बनाये रखने के लिये काम करती रही है और देश व सर्वहारा वर्ग के विकास और उत्थान के लिये कार्य रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो का सम्मान करते हुये साथ लेकर चलती है, कांग्रेस पार्टी द्वारा हमेशा से जनता के हित में कार्य किया गया है। धरना प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, एम.आई.सी. के प्रभारी सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, गिर्राज शर्मा, अनूप शिवहरे आदि मौजूद रहे।

## शांति के लिये काम करने वाले पीव्ही राजगोपालन का हुआ सम्मान

**ग्वालियर।** महात्मा गांधी के अनुयायी और शांति के लिये काम करने वाले पीव्ही राजगोपालन राजू भाई को 11 मई को जापान के टोक्यो शहर में निवानो शांति



पुरस्कार से नवाजा जायेगा। शनिवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर राजू भाई का पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव, महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने शॉल श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। सम्मान समारोह में राजू भाई ने कहा है कि सामाजिक क्षेत्र में गरीबों की आवाज बुलंद करने वालों की आवाज को दबाने का आज काम किया जा रहा है, यह बेहद चिंतनीय है। महात्मा गांधी ने सत्य, अंहिसा का मार्ग दिखाया, जो लोग सत्य-अंहिसा में विश्वास नही रखते है, वे लोग आज महात्मा गांधी और उनके विचारों को खत्म करने में लगे हुये है। सामाजिक समरस्ता को नष्ट किया जा रहा है और षोषण, भष्टाचार की बात नही की जा रही है, अपितु बात धर्म और जाति के बीच जहर फैलाने की जा रही है। यह सम्मान पुरस्कार जो मुझे मिल रहा है, यह केवल मेरा सम्मान नही ब्लकि राष्टपिता महात्मा गांधी जी के सभी अनुयायी का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है जो शांति के प्रयासों को दुनिया में निर्यात कर सकता है और इस दिशा में पहल होनी चाहिए।

इससे पहले एकता परिषद के संयोजक डॉ. रन सिंह परमार ने राजू भाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि गांधीवादी, समाज सुधारक सुब्बाराव जी के संपर्क में राजू भाई आये। राजू भाई ने देश और दुनिया में शांति के लिये काम किया। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने श्री राजू भाई, अंतराष्टीय एकता परिषद के संयोजक डॉ. रन सिंह परमार, एकता परिषद मुरैना जिलाध्यक्ष उदयभान सिंह परिहार एवं रतन सिंह सिकरवार संयोजक चम्बल घाटी किसान संघर्ष मोर्चा का शॉल-श्रीफल-स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में आभार महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने एवं संचालन महेन्द्र शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश यादव, बलवीर सिंह तोमर पूर्व पार्षद, एम.आई.सी. के प्रभारी सदस्य अवधेश कौरव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह सिकरवार 'गांधी', ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, देवेन्द्र चौहान, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, सुधीर मण्डेलिया, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, प्रमोद खरे आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने हितग्राहियों को वितरित किये राशन की पात्रता पर्ची, पेंशन व कामकाजी के कार्ड

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रधुमन सिंह तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर राशन की पात्रता पर्ची, हाथठेला, कामकाजी, पेंशन के पात्र हितग्राहियों को कार्ड वितरित करते हुए कहा कि आपका सेवक आपकी सेवा पूरी इमांदारी से करेगा। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंद एवं पंक्ति के अंतिम छोर के व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिले यही मेरा प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि सम्मान के साथ 20 हजार से अधिक परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची वितरण की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आपने मुझे सेवा का



अवसर दिया है तो मेरा कर्तव्य है कि मैं घर-घर जाकर आपकी सेवा करूं, इसके लिए में हमेशा तत्पर रहता हूँ। विकास यात्रा के दौरान भी घर-घर जाकर समस्याओं को सुना भी और उनका निराकरण भी कराया। इस दौरान अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना प्रदेश की बहन बेटियों को संबल प्रदान करेगी। इसके तहत 1000 रूपये प्रत्येक महीने में दिए जाएगें। जिसके फार्म 25 मार्च से भरना प्रारंभ हो जाएगें। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। नई संजीवनी क्लीनिक के साथ-साथ उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जा रहे हैं। जहां आप निशुल्क इलाज करा सकेगें। उन्होंने कहा कि गरीब का बेटा-बेटी भी अच्छे स्कूल में निशुल्क पड सके इसके लिये उपनगर ग्वालियर में पटेल विद्यालय व कन्या विद्यालय किलागेट सीएम राइज स्कूल बनने जा रहे हैं। जिसमे क्षेत्र के नौनिहालों को प्राइवेट स्कूल से वेहतर सुविधायें व शिक्षा दी जाएगी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने वार्ड 1 से 17 एवं 31, 32, 33 और 36 की राशन की पात्रता पर्ची 412 व हाथठेला व कामकाजी 244, आयुष्मान कार्ड 30 व पेंशन 122 के कुल 808 पात्र हितग्राहियों को वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवारी बर्दाश्त नही की जायेगी।

# इतिहास के पन्ने पलटने का दिन हैः राजपूत

**जाट समाज वीरता का प्रतीक - डॉ गोविंद सिंह, गुलामी के चिन्हों का मिटाया जाएगाः पटेल, 6 वर्ष पहले स्थापित हुई राणा भीम सिंह की प्रतिमा का भव्यता से लोकार्पण हुआ, मध्य प्रदेश शासन के चार मंत्री नेता प्रतिपक्ष स्थानीय विधायक हुए सम्मिलित गोहद पर हुई सौगातो की बौछारें**

**गोहद।** 400 वर्षो से अधिक समय तक राज्य करने वाले गोहद राज्य के वंशजों में से नोवे राजा महाराजा भीम सिंह राणा की प्रतिमा का अनावरण राजस्व व परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य, नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह की अध्यक्षता एवं भिण्ड दतिया सांसद सन्ध्या राय, नगरीय निकाय विभाग मंत्री ओ.पी.एस भदौरिया, मध्यप्रदेश हथकरघा विभाग अध्यक्ष रणवीर जाटव गोहद विधायक मेवाराम जाटव के विशिष्ट आतिथ्य में किला परिसर में संपन्न हुआ। यहां राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से परे हटकर एक ही मंच पर काग्रेस भाजपा के नेताओ ने शिरकत की व कार्यक्रम को गरिमामई बनाया कार्यक्रम जाट समाज के वरिष्ठ जनों का अतिथियों द्वारा शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया नगर पालिका परिषद एवं अखिल भारतीय जाट समाज द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

गोहद नगर पालिका द्वारा आयोजित महाराजा भीम सिंह राणा की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ आरम्भ हुआ इस अवसर पर भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि राजा महाराजाओं की कोई जात नहीं होती यह हर समाज के लिए कार्य करते हैं इसलिए गोहद में 400 वर्ष से अधिक राज्य किया। उन्होंने कहा कि इतने बड़े शूरवीर का इतिहास लिखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का दिन है जब महापुरुष जन्म लेता है तो वह समाज को गौरवान्वित करता है उनके इतिहास को आने वाली पीढ़ी जाने इसके लिए गोहद किले पर महाराजा भीम सिंह राणा का इतिहास लिख जाएगा इसके साथ ही उन्होंने गोहद सिविल अस्पताल व गोहद महा विद्यालय का नाम महाराजा भीम सिंह राणा के नाम से किए जाने की घोषणा की। यहां नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह ने जाट समाज वीरता का प्रतीक है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण सेना में जाट के नाम से रेजिमेंट है उन्होंने कहा कि राजनीति कबड्डी के खेल की तरह है जिसमे एक पार्टी हारती है तथा दूसरी




विजय होती है ऐसे ही चुनाव में हरजीत के बाद एक हो जाना चाहिए हमे दुर्भावना नही रखना



चाहिए, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि भीम सिंह राणा का नाम हजारों वर्ष नहीं लाखों वर्षों तक लिया जाएगा। हम सब भीम सिंह राणा के वंशज हैं। भीम सिंह राणा ऐसे महाराजा थे जो देशभक्ति से ओतप्रोत थे उनका यह स्थल पर्यटन स्थल बनेगा। गोहद किले पर मूर्ति स्थापित करना सबसे अच्छा स्थान है। जहां एक ही परिवार एक ही वंश ने 400 वर्ष से अधिक राज्य किया दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है अब अकबर के महान होने का समय गया अकबर द्वारा हमारे पूर्वजों पर अत्याचार किया। घूंघट प्रथा, बाल विवाह ये अत्याचार की कहानी बयां करते है अब गुलामी के चिन्हों को हटाया जाएगा अब ऐतिहासिक स्थलों की पहचान सच्चे सपूतों के नाम से होगी, उन्होंने कहा कि दिल्ली में अकबर रोड जागीर रोड सभी के नाम बदले जाएंगे। कार्यक्रम को सांसद सन्ध्या राय, ओ पी एस भदौरिया नगरी प्रशासन राज्यमंत्री, मेवाराम जाटव क्षेत्रीय विधायक, बीरेंद्र सिंह राणा, मंजू माहौर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, उपाध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ सिक्की कांकर, शैलेंद्र गुर्जर, सुषमा भटनागर, मुनेश तोमर, अकरम खान, साबू खान, बल्लू सैमर, मनीष माझी, बृजेंद्र यादव, जय देवी प्रजापति, आत्मदास भटनागर सहित समस्त पार्षद गण एडिशनल एसपी कमलेश खरपुसे, अपर कलेक्टर जेपी सैयाम, एसडीएम शुभम शर्मा, तहसीलदार अनिल पटेल, एसडीओपी सौरभ कुमार नगर पालिका सीएमओ सुरेंद्र शर्मा, अनुभाग के समस्त थाना प्रभारी सहित सभी विभागों के आला अधिकारी सहित महिला, पुरुष व सैकड़ों आमजन उपस्थित रहे। गोहद पर सौगातों की बौछार- महाराजा भीम सिंह राणा की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में गोहद में सौगातों की बौछार हुई यहां कृषि मंत्री कमल पटेल ने कृषि उपज मंडी का नाम भीम सिंह राणा के नाम से किए जाने के साथ गोहद मंडी सीसी कंक्रीट बिछाने के लिए 10 करोड़ रुपए साथ ही सेमिनार हाल का निर्माण की घोषणा की। साथ प्रभारी मंत्री गोविन्द राजपूत ने गोहद किले को विश्व स्तर का पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश अपर कलेक्टर को निर्देश दिए। इनका हुआ सम्मान- कार्यक्रम में जाट समाज के महेंद्र सिंह राणा, जंडेल सिंह राणा, जगदीश सिंह राणा, डॉ. विजयपाल सिंह राणा, मंगल सिंह राणा, हरि सिंह राणा, मेघ सिंह राणा, बद्री सिंह राणा, राजेन्द्र सिंह राणा, निरंजन सिंह राणा अमर सिंह राणा, मोहकम सिंह राणा का सम्मान किया गया।

**लालसिंह आर्य की हुई चर्चा-** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिह आर्य को डॉ गोविन्द सिह व प्रभारी मंत्री गोविन्द सिह राजपूत ने याद किया उनके उपस्थित न होने का कारण संगठन के कार्य से बाहर होना बताया गया है उल्लेखनीय है कि महाराजा भीम सिंह राणा की प्रतिमा की स्थापना उनके ही कार्यकाल में की गई उनके चुनाव हारने के बाद अनावरण न हो सका फिर प्रतिमा को गोहद चौराहा पर स्थापित करने का मुद्दा उठा लेकिन आज कार्यक्रम में सत्तापक्ष व विपक्ष दोनों ने लालसिंह आर्य की सोच पर मोहर लगा दी।

# वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान को प्रसारित करने का प्रयास होना चाहिए

संवाददाता हेमचंद नागेश

गरियाबंद। शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध वक्ता डॉ. संजीब बैनर्जी, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई का विशेष व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना, छत्तीसगढ़ राजकीय गीत व दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था प्रमुख डॉ. सी. एल. देवांगन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. सी. वी. रमन के अतुलनीय योगदान को विश्व जगत कभी भूल नहीं सकता। भारत रत्न और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. रमन ने भौतिकी के क्षेत्र में प्रकाश के प्रकीर्णन का सिद्धांत देकर विज्ञान जगत को नया आयाम देने में उल्लेखनीय योगदान दिया। एमएससी के छात्र हीरेंद्र, वंदना, वासुदेव, रूपेश, भारद्वाज साहू ने भी डॉ. सी. वी. रमन के जीवनी और उनके विज्ञान के लिए दिए गए योगदान को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गोवर्धन यदु ने बताया कि जब प्रकाश किसी माध्यम से होकर गुजरता है तो विभिन्न रंगों में विभक्त हो जाता है। प्रकृति में कई ऐसे दृश्य दिखाई देते हैं जो प्रकाश के प्रकीर्णन सिद्धांत पर कार्य करते हैं। डॉ. यदु ने बताया कि




प्रकाश फोटानो का समूह है, जो एक सेकंड में तीन लाख किलोमीटर गति करता है। प्रकाश के अदभुत प्रयोग के लिए डॉ. रमन ने अभूतपूर्व योगदान दिया, उसी को समर्पित विज्ञान दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. संजीब बैनर्जी ने प्रकाश के प्रकीर्णन, परावर्तन और ध्रुवण की व्याख्या करते हुए कहा कि विज्ञान की सभी शाखाओं में प्रकाश के प्रयोग द्वारा नए पदार्थों कणो और नवाचार को प्राप्त किया जाता है। रसायन शास्त्र में भी प्रकाश के उपयोग से पॉलीमर, नैनोमेटेरियल, सेमीकंडक्टर के द्वारा उत्सर्जित विकिरणों का अध्ययन किया जाता है। अनुसंधान के क्षेत्र में प्रकाश के प्रकीर्णन का बहुत अधिक अनुप्रयोग होता है। डॉ. देवेन्द्र देवांगन ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की संस्थानों में प्रकाश के व्यवहार पर व्यापक रिसर्च हो रहा है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान को प्रसारित करने का प्रयास पूरे भारतवर्ष में हो रहा है। विज्ञान का समुचित प्रसार, उपयोग, अनुप्रयोग मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राजश्री देवांगन एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर और आभार प्रदर्शन डॉ. देवेंद्र देवांगन सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र ने किया। डॉ. देवांगन ने कहा कि मानवता और प्रकृति को संरक्षित रखने के लिए विज्ञान और तकनीकी का सही दिशा में प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में प्रो. एम. एल. वर्मा, डॉ. समीक्षा चंद्राकर, दुर्योधन निषाद एवं आलोक हिरवानी सर का विशेष योगदान रहा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478